

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

# रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ

## भव्य रूप में सजी अयोध्या नगरी

### श्रद्धालुओं का लगा तांता, मुख्यमंत्री योगी ने की आरती

अयोध्या (एजेंसी)। भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या आज भव्य रूप में सजाई गई है। अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर अयोध्या में विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया गया, जिसमें रामलला की मूर्तियों का दुग्धाभिषेक हुआ। श्रद्धालुओं ने दूध, शहद और अन्य पवित्र सामग्री से अभिषेक किया। अयोध्या में राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर तीन दिवसीय भव्य उत्सव आज से शुरू हो गया है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। पूरा अयोध्या धाम राममय नजर आने लगा है। रामलला के महाभिषेक के बाद अंगद टीला से मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में साधु-संत पहुंचे। ट्रस्ट और जिला प्रशासन ने कार्यक्रम की सभी तैयारियां पुख्ता की हैं। यह भव्य उत्सव 11 से 13 जनवरी तक चलेगा, जहां संगीत और कला जगत की हस्तियां शामिल होंगी।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 11 से 13 जनवरी तक तीन दिवसीय समारोह का आयोजन किया है।

हनुमानगढ़ी में दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामपथ होते हुए राम मंदिर पहुंचे। सीएम राममंदिर परिसर के अंगद टीला में प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम जन्मभूमि परिसर में संत महंतों के साथ भोजन प्रसाद ग्रहण किया। सीएम भोजन प्रसाद ग्रहण करने के बाद अंगद टीला जाएंगे।



इस उत्सव में संगीत, कला और साहित्य जगत के लोग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर करीब 1.00 बजे अयोध्या पहुंचे। कार्यक्रम को लेकर सभी प्रकार के पास तीन दिनों के लिए निलंबित कर दिए गए हैं। यहां होने वाले आयोजन दूरदर्शन पर प्रसारित होंगे। अयोध्या पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला की आरती की और भोग अर्पित किया। उन्होंने यज्ञशाला में हवन भी किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इस भव्य आयोजन की पूरी व्यवस्था की है। ट्रस्ट के अनुसार, इस उत्सव को दिव्यता और भव्यता का संगम बनाने के लिए दीपोत्सव की तर्ज पर हर वर्ष कुछ नया जोड़ा जाएगा। रामलला के लिए 56 प्रकार के भोग तैयार किए गए हैं, जिन्हें प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं को वितरित किया जाएगा। (शेष पृष्ठ-4 पर)



## प्रधानमंत्री ने दी बधाई



अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर समस्त देशवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर है। मुझे विश्वास है कि यह दिव्य-भव्य राम मंदिर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में एक बड़ी प्रेरणा बनेगा।

### 26 यजमानों के नाम तय

ट्रस्टी डा. अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि महाभिषेक के दौरान मंदिर में लगभग 70 संत मौजूद रहेंगे। इसके अलावा यज्ञ मंडप व तीर्थ सेवा केंद्र के लिए कुल लगभग 26 यजमानों के नाम तय किए गए हैं। ये अलग अलग दिन यजमान के रूप में अनुष्ठान में प्रतिभाग करेंगे। प्रमुख यजमानों में अवध प्रांत के प्रांत संघ चालक सरदार स्वर्ण सिंह, लखनऊ के अरविंद जैन, बलरामपुर के अभिमन्यु सहित कई विशिष्टजन होंगे।

---

## फुटपाथ पर चबूतरा, जाएं तो जाएं कहां!

नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर-51 में में रोड पर बालिका इंटर कॉलेज के पास लोगों के चलने के लिए बने फुटपाथ पर विद्युत विभाग द्वारा चबूतरा बना दिया गया है। इसके विरोध में अब आर डब्ल्यू ए ने मोर्चा खोल दिया है ।

सेक्टर-51 आरडब्ल्यूए के महासचिव संजीव कुमार ने बताया कि जब फुटपाथ पर चबूतरे का निर्माण किया जा रहा था तभी उन्होंने वर्क सर्कल तीन को सूचित करके इसे रोकने की मांग की थी। पर प्राधिकरण की ओर से कोई सुनवाई नहीं की गई। उनका आरोप है कि फुटपाथ आम लोगों के चलने के लिए बनाए जाते हैं ना कि विद्युत विभाग के संयत्र लगाने के लिए। ऐसी स्थिति में लोग फुटपाथ की बजाय मेंन रोड पर चलने को मजबूर हैं तथा हादसे की हमेशा आशंका बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत नोएडा प्राधिकरण के सीईओ से भी की गई है। यदि चबूतरे को नहीं हटाया गया तो सेक्टरवासी आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।



## पुरानी रंजिश में जानलेवा हमला

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-39 में सलारपुर गांव के एक व्यक्ति ने एक नामजद सहित पांच लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है की पुरानी रंजिश के चलते हुए उस पर जानलेवा हमला किया गया है।

सलारपुर गांव निवासी रिंकल भड़ाना ने दर्ज कराई रिपोर्ट बताया कि उसके परिवार की गांव के ही फुली भाटी के परिवार से पुरानी रंजिश चली आ रही है। फुली भाटी के परिवार ने पूर्व में कई बार उनके साथ अपराधिक घटनाएं की हैं। इसके संबंध में मुकदमे भी दर्ज हुए हैं। झगड़े के एक मामले में फुली भाटी का पुत्र कुशल जेल भी जा चुका है। रिंकल भड़ाना का आरोप है कि 1 जनवरी की दोपहर को वह अपनी पत्नी के साथ अपनी बीएमडब्ल्यू कार से सेक्टर-46 नोएडा की मार्केट से घर आ रहा था। कुछ दूर पहुंचने पर एक आई-20 कार ने उसकी कार में टक्कर मारकर उसे ओवरटेक किया। गाड़ी रुकते ही आई-20 कार के भीतर बैठे कुशल भाटी व अन्य अज्ञात लोग नीचे उतर आए। उसने जब गाड़ी का शीशा उतारकर (शेष-4 पर)

## सिक्योरिटी गार्ड व युवक की सड़क हादसों में मौत

नोएडा (चेतना मंच)। अलग-अलग स्थान पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गए।



मूल रूप से महोबा निवासी प्रभु दयाल हाल में बरौला के हिंडन विहार में रह रहे थे। 1 जनवरी को वह गाजियाबाद से नोएडा वापस आ रहे थे। एसजेएम कट के पास रोड पार करते हुए अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सको ने उन्होंने मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में मृतक के पुत्र सनी कुमार ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

वहीं थाना सेक्टर-58 क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर लगने से बाइक सवार सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई। मूल रूप से खगड़िया बिहार निवासी ललन शर्मा शिल्ड सिक्योरिटी में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत था। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## जज कालोनी में न्यायधीश के निर्माणाधीन मकान में सेंध

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा में चोरों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने सेक्टर-105 स्थित इलाहाबाद हाई कोर्ट जज कॉलोनी में अपर जनपद न्यायाधीश के निर्माणाधीन मकान से एसी व बिजली का तार काट कर चोरी कर लिया।

अपर जनपद न्यायाधीश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके सेक्टर-105 स्थित इलाहाबाद हाईकोर्ट जज कॉलोनी में स्थित मकान में कंस्ट्रक्शन वर्क चल रहा है। 31 दिसंबर की रात्रि को चोर उनके मकान से एसी एवं बिजली का तार काट कर ले गए। इस मकान में काम करने के लिए 8 मजदूर रहते थे। इनमें से एक मजदूर मनोज ने उन्हें बताया कि उसका मोबाइल फोन भी चोरी हो गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अपर जिला जज के मकान में चोरी की घटना के बाद पुलिस चोरों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

---

## रोडरेज में मीडियाकर्मी के साथ बर्बरता

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। शराब के नशे में धुत कार सवार युवकों ने मीडियाकर्मी की कार में टक्कर मार दी। मीडिया कर्मी जब इस बात का विरोध कर घटनास्थल का वीडियो बनाने लगा तो युवकों ने उसके साथ गाली-गलौज कर फोन छीनने की कोशिश की। कार सवार युवक यहीं पर नहीं रुके और उन्होंने दो बार और मीडियाकर्मी की कार में खतरनाक तरीके से टक्कर मारी। मीडिया कर्मी ने थाना बिसरख में कार सवार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।



### दबंगों ने कार में कई बार मारी टक्कर

गाजियाबाद के विजयनगर निवासी मीडियाकर्मी राहुल कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 9 जनवरी की रात्रि को दिल्ली चुनाव की कवरेज के बाद अपनी कार से घर वापस जा रहा था। शाहबेरी के पास पीछे से एक कार ने उसकी कार में टक्कर मार दी। उसने जब कार से उतर कर युवकों से सही तरीके से कार चलाने को कहा तो वह उससे उलझ गए। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## दसवीं की छात्रा सहित दो किशोरियां लापता

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। अलग-अलग स्थान से दो नाबालिक किशोरिया संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। किशोरियों के परिजनों ने तीन युवकों के खिलाफ अपनी पुत्रियों को भगा ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना बिसरख क्षेत्र के ग्राम रोजा जलालपुर में किराए पर रहने वाले मनोज (काल्पनिक नाम) ने अपनी पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि उसकी पुत्री अक्सर जनपद बदायूं निवासी अमित से फोन पर बात करती थी। 2 जनवरी की रात्रि से ही उसकी पुत्री घर से लापता है। उसने जब खोजबीन की तो पता चला कि अमित अपने दोस्त राजा बाबू के साथ रोजा जलालपुर गांव पहुंचा और उसकी पुत्री को बहला फुसला कर अगवा कर अपने साथ ले गया। पीड़ित ने आशंका जताई है कि आरोपी उसकी पुत्री के साथ कोई अप्रिय घटना कर सकते हैं।

वहीं थाना ईकोटेक 3 क्षेत्र के जलपुरा गांव से स्कूल जाने के लिए घर से निकली किशोरी लापता हो गई। जलपुरा गांव में किराए पर रहने वाले। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## 'मारकर डाल देंगे, लाश भी नहीं मिलेगी'

### जालसाज महिला के गैंग ने प्लॉट के नाम पर ठगे लाखों

नोएडा (चेतना मंच)। प्लॉट दिलाने के नाम पर महिला ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति से लाखों रुपए हड़प लिए। पीड़ित ने जब अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि महिला व उसके साथियों ने उसकी हत्या कराने के लिए कुछ लोग उसके पीछे लगा रखे हैं। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज कराया है।



राम श्याम एनक्लेव चिपियाना बुजुर्ग निवासी पुष्पेंद्र कुमार गौड़ ने बताया कि साईं एनक्लेव चिपियाना में रहने वाली मनीषा ने उसे एक प्लॉट का सौदा तय करवाया था। प्लाट के सर्किट रेट के हिसाब से उसने साढ़े आठ लाख रुपए प्लॉट मालिक नरेश कुमार को आरटीजीएस के माध्यम से अदा कर दिए। इसके बाद मनीषा ने उससे 516000 नगद ले लिए, साथ ही तीन-तीन लाख रुपए की आरटीजीएस सुशील कुमार और दिनेश सिंह के खाते में करवाई। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## फैक्ट्री का सामान व कार चोरी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बिसरख क्षेत्र में स्थित किचन इक्विपमेंट बनाने वाली फैक्ट्री से चोर सामान व इको कार चोरी कर ले गए।

मकान नंबर 50 डी पंचकूला निवासी उपेंद्र कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह विशाल चंद गुलमर्ग फार्म हाउस पर किचन इक्विपमेंट बनाने की फैक्ट्री चलाता है। 9 जनवरी की रात्रि को कुछ अज्ञात चोरों ने उसकी फैक्ट्री से सामान चोरी कर लिया। इस दौरान चोर उसकी इको कार को भी चोरी कर ले गए।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है।

---

## कॉलेज का दोस्त न्यूड फोटो वायरल करने की दे रहा है धमकी

नोएडा (चेतना मंच)। कॉलेज में पढ़ाई के दौरान एक युवक से दोस्ती करना छात्रा को खासा महंगा पड़ा। युवक अब छात्रा के न्यूड फोटो को वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल कर रहा है। पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में मुकदमा दर्ज कराया है।




जनपद महाराजगंज की रहने वाली रेशमा (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने वर्ष 2019 से 2021 तक लखनऊ के कॉलेज से एमएससी बायो टेक्नोलॉजी की पढ़ाई की। इस दौरान कॉलेज में उसकी जान पहचान जनपद रामपुर निवासी शाबाद अली से हुई। शाबाद अली ने उसके न्यूड फोटो हासिल कर लिए, जिसके बाद वह उसे ब्लैकमेल करने लगा। शाबाद अली ने न्यूड फोटो को वायरल करने की धमकी देकर वर्ष 2023 में उसका क्रेडिट कार्ड ले लिया। (शेष-4 पर)

## प्रदेश व समाज के विकास में व्यापारियों की महत्ता सराहनीय : डॉ. पल्लवी शर्मा

नोएडा (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय सेक्टर-115 नोएडा में कैलाश हॉस्पिटल समूह की डायरेक्टर तथा उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की मार्गदर्शिका डॉ. पल्लवी शर्मा का स्वागत किया गया। इस मौके पर डा. पल्लवी शर्मा ने कहा कि व्यापारी किसी भी प्रदेश व देश के राजस्व की रीढ़ होते हैं। उनके सहयोग से प्रदेश का विकास होता है। वर्तमान सरकार व्यापारियों के हित में है।उन्होंने कहा कि प्रदेश व समाज के विकास में व्यापारियों की भूमिका महती है।

डॉ. पल्लवी शर्मा ने उद्योग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शक्तिसिंह वह महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष वंदना गुप्ता को शपथ ग्रहण करवाई और उन्हें बधाई दी।



प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने डॉक्टर पल्लवी शर्मा के स्वागत के बाद कहा कि जब नए पदों का निर्वहन हम दूसरों को देते हैं तो हमारी ज़िम्मेवारी और ज़्यादा बढ़ जाती है। हम व्यापार के साथ साथ समाज को आगे बढ़ाना चाहते हैं। उद्योग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शक्ति सिंह और महिला अध्यक्ष वंदना गुप्ता ने कहा कि हम समाज और व्यापार मंडल के लिए हमेशा आगे बढ़कर कार्य करेंगे।

आज शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश चेयरमैन नवनीत गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल प्रदेश महामंत्री सचिन गोयल ग्रेटर नोएडा से अध्यक्ष रवि शर्मा क्रॉकरी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश जिंदल उद्योग प्रकोष्ठ अध्यक्ष शक्ति सिंह महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती वंदना गुप्ता कविता जैन दीपिका चोरडिया पूजा गर्ग श्रेया शर्मा प्रवीन गर्ग शिवा चौहान मनीष शर्मा अमित गोयल व अन्य पूरी टीम सम्मलित हुई।

## गौर सिटी के फ्लैट में चोरी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बिसरख क्षेत्र के ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एवेन्यू गौर सिटी के एक फ्लैट से युवती का सोने का ब्रेसलेट और घर की चाबी का सेट चोरी हो गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। एवेन्यू गौर सिटी 2 में रहने वाली रिचा कालरा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 1 जनवरी को उसके फ्लैट से सोने का एक (शेष पृष्ठ-4 पर)

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

## दुनिया में हलचल

संयुक्त राज्य अमेरिका में निरंकुश व दक्षिणपंथी रुझान के अगुवा डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी से पहले की जा रही उग्र बयानबाजी से पूरी दुनिया में हलचल है। अब चाहे कनाडा को अमेरिका में मिलाने का उनका दावा हो या ग्रीनलैंड व पनामा नहर पर प्रभुत्व का बयान। लेकिन शेष दुनिया के लिये चिंता की बात यह है कि निष्पक्ष वैचारिक स्वतंत्रता के पक्षधर होने का दावा कर रहे अमेरिका संचालित बहुचर्चित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी ट्रंप के निरंकुश व्यवहार से गहरे तक प्रभावित हो रहे हैं। लंबे समय तक ट्रंप से वैचारिक टकराव मोल लेने वाले अमेरिका से संचालित मेटा ने ट्रंप की ताजपोशी से ठीक पहले अपनी नीति में बड़ा बदलाव किया है। मेटा ने अपने उस तथ्य जांच कार्यक्रम से हाथ खींचने का फैसला किया है जो ऑनलाइन गलत सूचनाओं और दुष्प्रचार को नियंत्रित करने का एक महत्वपूर्ण साधन था। निश्चित रूप से सूचना की विश्वसनीयता के लिये निर्धारित व्यवस्था के खत्म होने से ऑनलाइन झूठ व दुष्प्रचार के खिलाफ वैश्विक अभियान को झटका लगेगा। निश्चित तौर पर यह नाटकीय बदलाव वर्ष 2016 में सोशल मीडिया दिग्गज द्वारा शुरू किए स्वतंत्र थर्ड पार्टी तथ्य जांच कार्यक्रम के अंत का प्रतीक है। यह महज संयोग नहीं हो सकता है कि यह निर्णय अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जीतने वाले डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी से ठीक पहले आया है। ट्रंप मेटा के मुखर आलोचक रहे हैं। ट्रंप आरोप लगाते रहे हैं कि सोशल मीडिया पर दक्षिणपंथी आवाज को सेंसर किया जाता रहा है। वहीं मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग का कहना है कि उनके इस निर्णय की मुख्य प्रेरणा मुक्त अभिव्यक्ति को प्रश्रय देना है। उनकी इस दलील से कतई सहमत नहीं हुआ जा सकता। दरअसल, अमेरिका में दक्षिणपंथी रुझानों वाला ऐसा वर्ग भी है जो सोशल मीडिया पर सूचना सामग्री में किसी भी हस्तक्षेप का विरोध करता है। जिसके चलते फर्जी खबरों के कारण विवादों की श्रृंखला को जन्म मिल सकता है। बहरहाल, आशंका जतायी जा रही है कि तथ्यों की जांच की व्यवस्था समाप्त करने से झूठ और अफवाहों का तंत्र कालांतर कानून व्यवस्था के लिये भी बड़ी चुनौती बन सकता है। जिससे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की सूचनाओं की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठेंगे। मेटा के इस कदम के बाद अन्य सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म भी दबाव में ऐसे कदम उठा सकते हैं। वैसे राष्ट्रपति का पद संभालने जा रहे ट्रंप से खराब रिश्ते सुधारने हेतु मार्क जुकरबर्ग का कदम व्यावसायिक दृष्टि से तो समझ में आ सकता है, लेकिन सोशल मीडिया पर सूचनाओं की दृष्टि से यह एक गैरजिम्मेदार कदम है। जो दुनिया में विश्वसनीयता व सूचना अखंडता के लिये अच्छा संकेत नहीं है। विडंबना ही है कि सूचना सामग्री को मॉडरेट करने के लिये पेशेवर तथ्य-जांचकर्ताओं पर भरोसा करने के बजाय मेटा एक्स के रास्ते पर जा रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण ही है। पहले जांच-पड़ताल करके दी जाने वाली पोस्ट पाठकों व दर्शकों का भरोसा जगाती थी कि सूचना सामग्री विश्वसनीय है। लेकिन अब इस नियमन में ढील के निहितार्थों को लेकर गंभीर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं। आशंका है कि अब फेसबुक, इंस्टाग्राम व थ्रेड्स पर गलत सूचनाओं को नियंत्रित करना संभव नहीं हो पाएगा। जिससे ऑनलाइन झूठ को बढ़ावा मिल सकता है। खासकर भारत के संदर्भ में देखें तो नफरत फैलाने वाले भाषण न केवल लोगों तक विश्वसनीय जानकारी की पहुंच को कमजोर कर सकते हैं बल्कि लोगों की राजनीतिक नेताओं का सामना करने की क्षमता को भी कमजोर कर सकते हैं। हम विगत में देखते रहे हैं कि 'व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी' की धारणा लगातार गलत तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत करती रही है। इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करती है। जो सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को खुली छूट देने के नुकसान को ही दर्शाती है। यदि झूठ की जहरीली बाढ़ को कम नहीं किया गया तो इसका समाज पर घातक असर पड़ सकता है। ऐसे में सामाजिक समरसता व शांति के लिये अधिक तथ्य जांचकर्ताओं की आवश्यकता महसूस की जा रही है। निश्चय ही जांच की व्यवस्था न होने का मतलब है शून्य जवाबदेही और झूठ व गलत सूचना फैलाने का खुला निमंत्रण।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि मैना बार-बार मिलती हैं और (पार्वती के) चरणों को पकड़कर गिर पड़ती हैं। बड़ा ही प्रेम है, कुछ वर्णन नहीं किया जाता। भवानी सब स्त्रियों से मिल-भेंटकर फिर अपनी माता के हृदय से जा लिपटीं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जननिहि बहुरि मिलि चली उचित असीस सब काहूँ दई।**
**फिरि फिरि बिलोकति मातु तन तब सखीं लै सिव पहिं गई॥**
**जाचक सकल संतोषि संकरु उमा सहित भवन चले।**
**सब अमर हरषे सुमन बरषि निसान नभ बाजे भले॥**

पार्वतीजी माता से फिर मिलकर चलीं, सब किसी ने उन्हें योग्य आशीर्वाद दिए। पार्वतीजी फिर-फिरकर माता की ओर देखती जाती थीं। तब सखियाँ उन्हें शिवजी के पास ले गईं। महादेवजी सब याचकों को संतुष्ट कर पार्वती के साथ घर (कैलास) को चले। सब देवता प्रसन्न होकर फूलों की वर्षा करने लगे और आकाश में सुंदर नगाड़े बजाने लगे।

**दो0-चले संग हिमवंतु तब पहुँचावन अति हेतु।**
**बिबिध भाँति परितोषु करि बिदा कीन्ह बृषकेतु॥**

तब हिमवान अत्यन्त प्रेम से शिवजी को पहुँचाने के लिए साथ चले। वृषकेतु (शिवजी) ने बहुत तरह से उन्हें संतोष कराकर विदा किया॥

**तुरत भवन आए गिरिराई। सकल सैल सर लिए बोलाई॥**
**आदर दान बिनय बहुमाना। सब कर बिदा कीन्ह हिमवाना॥**

पर्वतराज हिमाचल तुरंत घर आए और उन्होंने सब पर्वतों और सरोवरों को बुलाया। हिमवान ने आदर, दान, विनय और बहुत सम्मानपूर्वक सबकी विदाई की॥


(क्रमशः..)

# आरोपों पर दी गई सफाई से नहीं कोई सहमत?

चाइना की धरती से निकलकर दुनिया में कोहराम मचाने वाले जानलेवा वायरस बेकसूर इंसानों का पीछा करना कभी छोड़ेंगे या नहीं? क्योंकि प्रत्येक खतरनाक वायरसों का केंद्र चीन ही होता है? कोविड-19 के बाद एक ऐसी अबूझ पहेली है जिसे न डब्ल्यूएचओ सुलझा पाया और न ही दुनिया की तमाम चिकित्सा रिसर्च रिपोर्ट किसी नतीजे पर पहुंच पाईं? हालांकि, वायरस के निमार्ण के पीछे चीनी हिमाकत पर शक तो सभी को बहुत पहले से है? लेकिन तथ्यों के साथ कोई उसे एक्सपोज नहीं कर पाया? ऐसे अंसख्यक सवाल हैं जो उनके इस नए 'ह्यूमन मेटान्यूमो' वायरस यानी एचएमपीवी के बाद खड़े हुए हैं। सवाल दरअसल खड़े होने भी चाहिए, आखिर क्यों लोगों की जान लेने पर वो आमादा है। वायरसों के इतर भी उनकी अमानवीय नापाक हरकतों से न सिर्फ पड़ोसी मुल्क, बल्कि समूचा संसार परेशान और दुखी हुआ पड़ा है। ऐसे में विश्व बिरादरी को सामूहिक रूप से 'ह्यूमन मेटान्यूमो' वायरस की तथ्यों सहित तहकीकात करके जानकारी को सार्वजनिक करना चाहिए। हालांकि, चीन नए वायरस के आरोपों को नकार रहा है।

गौरतलब है बीते 3 वर्ष पूर्व कोरोना वायरस ने संसार को जो गहरे जख्म दिए थे, वो आज भी हरे हैं और तब तक रहेंगे? शायद जब तक इस धरती पर इंसानों का वजूद रहेगा? क्योंकि कोरोनाकाल में कोई परिवार ऐसा नहीं बचा होगा जिसने अपने किसी सगे या कोई करीबी दोस्त, पड़ोसी, रिश्तेदार को न खोया हो? भारत में 'ह्यूमन मेटान्यूमो' का पहला संक्रमण एक बच्ची में 6 जनवरी को सुबह कर्नाटक में मिला और शाम होते-होते गुजरात से लेकर तमिलनाडू तक मरीजों की संख्या पांच-छह तक पहुंच गई। संक्रमितों की खबर ने ऐसी दहशत फैलाई, जिससे केंद्र सरकार भी हलकान हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को भी मीडिया में आकर बताना पड़ा, कि देशवासियों को फिलहाल चिंता करने और घबराने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि स्थिति पर उनका पूर्ण नियंत्रण है और संपूर्ण इंतजाम केंद्रीय स्तर पर किए जा चुके हैं। उन्होंने इस वायरस को नया नहीं, बल्कि पुराना ही बताया है? जबकि, आइसीएमआर का मानना है कि सर्दियों में सामान्य न्यूमोनिया वायरसों का खतरा हमेशा बढ़ता है। पर, ये वायरस जानलेवा कभी नहीं होते थे, लेकिन अब होने लगे हैं।

'ह्यूमन मेटान्यूमो' वायरस पर हेल्थ




*केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को भी मीडिया में आकर बताना पड़ा, कि देशवासियों को फिलहाल चिंता करने और घबराने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि स्थिति पर उनका पूर्ण नियंत्रण है और संपूर्ण इंतजाम केंद्रीय स्तर पर किए जा चुके हैं। उन्होंने इस वायरस को नया नहीं, बल्कि पुराना ही बताया है?*

मिनिस्ट्री और आइसीएमआर दोनों के बयानां में अंतर है। बिना तालमेल और अ-पुष्ट सूचनाओं के आदान-प्रदान से सभी को बचना होगा। क्योंकि इससे स्थिति बिलावजह नाजुक हो जाती हैं। दोनों संस्थाओं को सबसे पहले मॉनिटरिंग पर फोकस करना होगा, जो कोरोना के वक्त अच्छे से नहीं किया था। नए वायरस की जागरूकता पर दोनों की माने तो खतरा है भी, और नहीं भी? हालांकि इसके बाद गेंद जनता के पाले में चली जाती है। कहने का मतलब है, सतर्कता जनता को स्वयं से करनी होगी। उन्हें अपनी इम्युनिटी पर खासा ध्यान रखना होगा। क्योंकि कोरोना के वक्त भी हुकूमत और चिकित्सीय संगठनों की ओर से शुरुआत में कुछ ऐसा ही कहा गया था। लेकिन उसके बाद में हालात कैसे बनें, जिसे बयां करने मात्र से आज भी रूहें कांप उठती हैं। पूरे सिक्किम राज्य की जितनी मौजूदा समय में आबादी है, उससे कहीं ज्यादा भारतीयों की जाने कोरोना से गईं। 'ह्यूमन मेटान्यूमो' को लेकर आमजन को इसलिए चिंता करनी पड़ेगी, क्योंकि इस वायरस की भी अभी तक कोई टीका या एंटीवायरल दवा नहीं निर्मित हुई है। भारत में 'ह्यूमन मेटान्यूमो' के अभी तक जितने केस सामने आए हैं उन सभी मरीजों को सामान्य बुखार की दवाइयां ही दी जा रही हैं। किसी विशेष दवा का प्रबंध भी नहीं हुआ है।

गौरतलब है कि डब्ल्यूएचओ ने चीन से 'ह्यूमन मेटान्यूमो' वायरस को लेकर रिपोर्ट मांगी है, जिसे उसने अभी तक नहीं दी? इससे तो यह कहावत सीधे-सीधे चरितार्थ होती है कि 'चोर की दाढ़ी में तिनका'। चीन की चालाकी को लेकर न सिर्फ भारत को, बल्कि पूरे संसार को चौकन्ना रहना होगा। क्योंकि वायरस के खेल के पीछे उसकी विश्वसनीयता कोरोना के बाद भयंकर रूप से सवालों के घेरे में आ चुकी है। अब देखिए न, डब्ल्यूएचओ के बार-बार मांगने पर भी चीन ने डाटा रिपोर्ट नहीं मुहैया करवाई है। इससे संदेह न हो, तो और क्या? नए वायरस से बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं को विशेष पर बचना होगा। उनके लिए घातक ये वायरस। इसके अलावा कमजोर इम्यूनिटी वाले मरीजों, जैसे दिल, फेफड़े, लिवर, कैंसर, चर्म रोगियों को और भी ज्यादा सावधानियां बरतने की आवश्यकता है। वायरस को लेकर समूचे विश्व में फिलहाल भ्रम की स्थिति बनी हुई है। दिल्ली स्थित 'एम्स' अस्पताल की तत्कालीक चिकित्सा शोध रिपोर्ट 'ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस' की उत्पत्ति सन-2001 में होना दर्शाती है जिसमें मात्र श्वसन संक्रमण का ही खतरा रहता है और ज्यादा कुछ नहीं? पर, वायरस के इस नए वर्जन से मरीजों के हताहत होने की सूचनाएं हैं। संदेह दरअसल यहीं से गहरा जाता हैं कि कहीं इस पुराने वायरस की आड़ में कोई नया मानव निर्मित वायरस तो नहीं फैलाया गया है?

बहरहाल, 'ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस' को लेकर भ्रम की स्थिति यहीं से पता चलती है, कि दुनिया के कई देश इस वायरस को जहां रहस्यमय कह रहे हैं। तो वहीं, भारतीय चिकित्सक पुराना वायरस बताने में तुले हैं। हालांकि, भारतीय को अभी हद से ज्यादा भयभीत होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि एचएमपीवी का व्यापक असर अभी चीन में भी नहीं है अन्य देशों में भी एकाध ही केस फाइल हुए हैं। ग्लोबल स्तर पर ज्यादातर देशों के मध्य एक चिकित्सीय संधी बनी होती है जिसके तहत जिस देश से कोई रहस्यमय बीमारी या वायरस फैलता है तो उसकी संपूर्ण जानकारियां डब्ल्यूएचओ जैसी विश्वस्तरीय मेडिकल संगठनों को मुहैया करानी होती है। पर, चीन एचएमपीवी को लेकर भी कुंडली मारे बैठा है। किसी तरह की कोई भी जानकारियां सार्वजनिक नहीं कर रहा। रिपोर्ट को लेकर संयुक्त राष्ट्र की ओर से भी आदेशित किया गया है। बावजूद इसके चीन ने अपने मुंह में दही जमा रखी है। पर, इतना तय है। अगर इस बार चीन की कोई खुराफात सामने निकली, तो ग्लोबल स्तर पर अच्छे से घिरेगा। फिलहाल, हिंदुस्तान को एचएमपीवी को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं? पर चौकन्ना रहना पड़ेगा। हम-सभी को स्वंय से सावधानियां और सर्तकता बरतनी होगी और अपनी इम्यनिटी बढ़ाने पर ध्यान देना होगा।

**-डॉ. रमेश ठाकुर**

## वायु प्रदूषण की चिंता

दिल्ली एनसीआर सहित देश में वायु की दिन-प्रतिदिन गिरती गुणवत्ता गंभीर समस्या बन चुकी है। कहीं यह मौत की हवा न सिद्ध हो, इसलिए इस दिशा में चिंतन जरूरी है।

निरंतर वायु की गुणवत्ता गंभीर स्तर पर बढ़ने लगी है जिससे मृत्यु की दर के आंकड़े भयभीत कर रहे हैं। देश में वायु प्रदूषण की समस्या इस कदर भयावह हो गई है कि इसकी वजह से मृत्यु दर में वृद्धि होने लगी है। लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन ने आंकड़ों के माध्यम से जो तस्वीर पेश की है, वो सोचने को मजबूर कर रही है। इसके अनुसार दिल्ली सहित देश के 10 शहरों में प्रतिवर्ष हवा में पीएम-2.5 के कणों की अधिकता के कारण लगभग 33000 लोगों की मौत हो रही है। इसमें सिर्फ दिल्ली में ही 12 हजार लोगों की जान जा रही है, जो प्रति वर्ष होने वाली कुल मौतों का 11.5 प्रतिशत है। राजधानी में 100 में से 12 लोगों की मौत खराब हवा के कारण होती है। वाराणसी में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतें 10 प्रतिशत से अधिक हैं। कोलकाता में 7.3, पुणे में 5.9, अहमदाबाद, मुंबई और हैदराबाद में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतें 5.6 प्रतिशत हैं। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला जैसी जगह पर यह 3.7 प्रतिशत है। भारत के स्वच्छ वायु मानदंड विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के 15 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर के मानक से चार गुना अधिक हैं। देश के कई क्षेत्रों की हवा जहरीली होती जा रही है। दिल्ली वालें का दम तो घुट ही गया है, बल्कि साथ में कई अन्य शहर भी इसकी चपेट में हैं। दिल्ली में तो इसका ठीकरा पंजाब, हरियाणा, यूपी की पराली पर फोड़ दिया जाता है कि उसका धुंआ इधर आता है, मगर सर्वेक्षण में पराली तो केवल 10 फीसदी योगदान देती है, शेष 90 फीसदी के लिए जिम्मेवार कौन है, यह सबसे बड़ा प्रश्न है।

सरकारें बारिश होकर व हवा के साथ उड़ जाने से स्वयं स्थिति सामान्य होने का इंतजार कर रही हैं। क्या अपने स्तर पर कोई प्रयास संभव नहीं है, जो लोगों को दम घुटती इस स्थिति से बाहर निकाल सके। दिल्ली-एनसीआर का वायु प्रदूषण अब न केवल स्थानीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता का कारण बन गया है। हाल ही में अजरबैजान की राजधानी बाकू में आयोजित सीओपी-29 समिट में दिल्ली की जहरीली हवा और उसके खतरनाक प्रभावों पर गंभीर चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने इसे न केवल



स्वास्थ्य, बल्कि पर्यावरणीय आपातकाल घोषित किया। दिल्ली-एनसीआर के हालात बद से बदतर हो चुके हैं। यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर स्तर पर पहुंच गया है जिसमें कुछ क्षेत्रों में यह 500 से भी अधिक हो गया है। विशेषज्ञों के अनुसार प्रदूषण के कारण कई इलाकों में विजिबिलिटी कम हो गई है और शहर गैस चैंबर में तब्दील हो चुका है।

डॉक्टर्स और वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि दिल्ली का बढ़ता वायु प्रदूषण अस्थमा, हृदय रोग, फेफड़ों के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों को बढ़ावा दे रहा है। हर सांस के साथ जहरीले कण शरीर में प्रवेश कर रहे हैं, जो विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव डाल रहे हैं। सीओपी-29 समिट में दिल्ली के प्रदूषण का मुद्दा प्रमुख रहा। पर्यावरण मंत्रालय को दम घुटती जहरीली हवाओं से देशवासियों को बचाने के लिए उपाय खोजने होंगे, नहीं तो यह विश्व में भारत की बढ़ती धाक पर एक धब्बे के रूप में स्पष्ट देखने को मिलेगा। कई देशों ने ऐसी समस्याओं का इलाज किया है। उस तकनीक को भारत क्यों नहीं समझता?

**-प्रो. मनोज डोगरा**
**शिक्षाविद**

## राशिफल

**पौष शुक्ल पक्ष द्वादशी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य मध्यम।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
स्वास्थ्य नरम-गरम है। प्रेम, संतान का भरपूर सहयोग मिलेगा। व्यापार भी बहुत अच्छा रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
नौकरी-चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी है। स्वास्थ्य भी बहुत अच्छा है। बाकी प्रेम,संतान थोड़ा मध्यम है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
शत्रुओं पर हावी रहेंगे। गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आर्शीवाद रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भावुक मन से लिया गया निर्णय नुकसान करेगा। महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक के रखें। स्वास्थ्य ठीक-ठाक।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी के प्रबल योग बनेंगे। स्वास्थ्य ठीक है। प्रेम, संतान का साथ है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार बहुत अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
भाग्यवान बने रहेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम है। प्रेम, संतान भी मध्यम है, लेकिन व्यापार अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
सितारों की तरह चमकेंगे। जिस चीज की जरुरत है उसकी उपलब्धता होगी। सरकारी तंत्र से पंगेबाजी मत करिएगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

# भाकियू (बलराज) ने किया कंपनी पर प्रदर्शन



**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के जिला अध्यक्ष योगेश वैष्णव के नेतृत्व में कल हौजरी कंपलेक्स फेस-2 स्थित रूट्स कूलिंग सिस्टम प्राइवेट कंपनी पर प्रदर्शन कर विरोध प्रकट किया गया। भाकियू (बलराज) के जिला अध्यक्ष योगेश वैष्णव ने कंपनी प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि कंपनी प्रबंधन संगठन के एक कार्यकर्ता का काफी वर्षों से बकाए का भुगतान नहीं कर रही है। इस विषय को लेकर कई बार कंपनी प्रबंधन से वार्ता की गई लेकिन कोरे आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला।

उन्होंने कहा कि कंपनी प्रबंधन की तानाशाही यह है कि हम अपनी बात रखने के लिए कंपनी पर जाते हैं तो कंपनी प्रबंधन के गुर्गों द्वारा हम सभी को डरा धमका कर भगा दिया जाता है। उन्होंने पुलिस पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि यदि शीघ्र ही कंपनी प्रबंधन संगठन के कार्यकर्ता के बकाए का भुगतान नहीं किया तो अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

इस अवसर पर राजेन्द्र भाटी, ओमवीर भाटी, गुल्लू पहलवान, लोकेश बैरागी, कोमल कौशिक, अजहर खान, अरूण पंडित, योगेश पंडित, प्रवीण कौशिक, मलखान बैरागी, कपिलशर्मा, मनीष शर्मा, ब्रह्मानंद बैरागी, उपकार एवं प्रदीप बैरागी आदि लोग मौजूद रहे।

# संविधान गौरव अभियान को लेकर बैठक

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी जनपद गौतमबुद्धनगर पर संयुक्त मोर्चा संविधान गौरव अभियान के तहत महिला मोर्चा किसान मोर्चा युवा मोर्चा ओबीसी मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा अनुसूचित मोर्चा का संयुक्त मोर्चा कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने की कार्यक्रम का संचालन ज़िला मंत्री सत्यपाल शर्मा ने किया संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि भारत के संविधान को 75 वर्ष पूर्ण हो रहे है जिसको लेकर भाजपा पूरे देश में 11 जनवरी से लेकर 25 जनवरी तक प्रत्येक मंडल तक संविधान गौरव अभियान को उत्सव के रूप में मनाएगी।





संविधान अभियान का उद्देश्य भारत के संविधान में निहित मूल्यों को जन जन तक पहुँचाना एवं संविधान समिति अध्यक्ष भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर जी को याद करना है और उन्होंने कहा कि आज देश संविधान के अनुसार देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार व प्रदेश की सरकार आदित्यनाथ योगी के नेतृत्व में चल रही है।

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रजनी तोमर ने कहा कि भारत का संविधान गौरवशाली है इसमें सभी नागरिकों का हित सुरक्षित करते हुए भारत के विकास की कल्पना की गई है।

इस अवसर पर ज़िला मंत्री सत्यपाल शर्मा राज नागर गुरुदेव भाटी मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य गुरुदेव भाटी जितेंद्र भाटी रजनी तोमर विमल पुंडीर अमित शर्मा केडी गुर्जर नईम ख़ान संजय शर्मा आचार्य शिवकिशोर दीपक नागर दीपक पटेल अनीश शेख़ गौरव मुक़दम राजीव चटर्जी नन्हे भाटी मनीष भाटी आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कई दिग्गजों ने भरा जिलाध्यक्ष के लिए पर्चा



**भदोही (चेतना मंच)।** भाजपा जिला कार्यालय ज्ञानपुर जोरइ में भाजपा महा संगठन पर्व का निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ जिला अध्यक्ष और प्रांतीय परिषद का नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हुई। सभी लोगों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

जिला चुनाव अधिकारी दिनेश राय के समक्ष सभी लोग प्रस्तुत हुए बारी-बारी से अपना नामांकन पत्र जिला चुनाव अधिकारी दिनेश राय को प्रेषित किया जिसमें जिला अध्यक्ष चुनाव के लिए 55 नामांकन पत्र दाखिल हुए और प्रांतीय परिषद चुनाव के लिए 18 नामांकन पत्र दाखिल हुए जो की सारे कागजात नामांकन पत्र के साथ जिला चुनाव अधिकारी लखनऊ के लिए रवाना हुए। जिला चुनाव अधिकारी ने कहा संगठन महापर्व का चुनाव पूर्ण होने के उपरांत 15 के अंदर जिला अध्यक्ष सभी घोषित हो जाएंगे।

पार्टी की ऐसी मनसा है नामांकन प्रक्रिया आज 10:30 बजे से शुरू हुई और 12:30 बजे तक चला जिसमें तमाम लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे और बड़े ही शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संगठन पर्व संपन्न हुआ बाहर गाड़ियों का काफिला लगा हुआ था।

उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता घनश्याम मिश्रा संतोष पांडेय अभयराज सिंह सतीश पांडेय छत्रपति सिंह गोवर्धन राय मंडल अध्यक्ष सभी उपस्थित रहे।

# गजेन्द मावी जिलाध्यक्ष बनना लगभग तय !

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** पूरे देश के साथ ही गौतमबुद्धनगर में भी भारतीय जनता पार्टी में संगठन का चुनाव चल रहा है। अगले कुछ दिनों में जिले को नया जिलाध्यक्ष मिल जाएगा। राजनैतिक विश्लेषकों की बात मानी जाए तो गजेन्द्र मावी का जिलाध्यक्ष बनना लगभग तय है।



यह अलग बात है कि अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल ज्यादातर नेताओं को लगता है कि वर्तमान अध्यक्ष गजेन्द्र मावी को ही एक बार फिर अध्यक्ष बनाए जाने का ताना-बाना बुना जा चुका है। फिर भी जिले में सक्रिय भाजपा का हर दूसरा नेता अध्यक्ष पद पर अपना दावा पेश कर रहा है। विश्लेषकों का मानना है कि जिले के भाजपा के वर्तमान अध्यक्ष गजेन्द्र मावी को ही एक बार फिर भाजपा का अध्यक्ष बनाया जाएगा।

हालांकि जिलाध्यक्ष पद के लिए कुल 31 लोगों ने नामांकन किया है। लेकिन जिस प्रकार जिले की भाजपा में राजनीति का गुणा-भाग बैठाया जा रहा है उसमें भाजपा के वर्तमान जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी पूरी तरह से फिट बैठते नजर आ रहे है। जिलाध्यक्ष पद को लेकर चलरही रस्साकसी पर विराम 16 जनवरी तक लग सकता है।

# सुदेश भाटी बने समाजवादी पार्टी के जिला सचिव



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की अनुमति से अपनी जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए गांव श्यौराजपुर निवासी वरिष्ठ नेता सुदेश भाटी को जिला सचिव मनोनीत किया गया है। सुदेश भाटी पिछले लम्बे समय से समाजवादी पार्टी में सक्रिय है और समाजवादी पार्टी को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे है। उनकी मेहनत और कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिला सचिव की जिम्मेदारी मिलने पर सुदेश भाटी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी का धन्यवाद करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, उसका निर्वाह पूरी ईमानदारी और लगन के साथ करेंगे तथा पार्टी को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे।

# धूमधाम से मनाया कांग्रेस नेत्री का जन्मदिन

**नोएडा (चेतना मंच)।** अन्तर्राष्ट्रीय शूटर तथा संयुक्त किसान मजदूर संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा अखिल भारतीय महिला कांग्रेस पर्यवेक्षक पूनम पंडित का जन्मदिन सैक्टर-93 कार्यालय पर धूमधाम से मनाया



जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता संयुक्त किसान मजदूर संगठन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट दिनेश अवाना, पूर्व अध्यक्ष नोएडा कांग्रेस/ राष्ट्रीय महासचिव संयुक्त किसान मजदूर संगठन शहाबुद्दीन, संयुक्त किसान मजदूर संगठन राष्ट्रीय सचिव/जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्धनगर व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष अभिषेक जैन, महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा कोषाध्यक्ष अमित जैन, पूर्व एआईसीसी सदस्य/संयुक्त किसान मजदूर संगठन राष्ट्रीय संयोजक राज कुमार भारती, नोएडा विधानसभा अध्यक्ष संयुक्त किसान मजदूर संगठन/सोशल आउटरीच गौतमबुद्धनगर जिलाध्यक्ष जीशान चौधरी, संयुक्त किसान मजदूर संगठन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सोशल आउटरीच महानगर नोएडा अध्यक्ष योगेंद्र भाटी लडपुरा, दामिनी शर्मा, एनसीआर युवा उपाध्यक्ष संयुक्त किसान मजदूर संगठन परवेज, नवल सिंह चौहान, युवा कांग्रेस नोएडा विधानसभा महासचिव राम गुप्ता, संयुक्त किसान मजदूर संगठन सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष गौतमबुधनगर मोहम्मद गुलफाम , नोएडा वाटर सप्लायर एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद शाह, उपाध्यक्ष प्रेम शाह,आर एल शर्मा, सुमित जाटव, मोनू पंडित, नसीम, गौरव आधाना, श्याम बाबू, श्याम दीक्षित व अन्य लोग मौजूद रहे

# चोरी के सामान के साथ दबोचे

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर पुलिस ने चोरी के लोहे के गाटर सहित तीन आरोपियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों में एक बाल अपचारी भी शामिल है। इनके पास से चोरी किया गया लोहे का गटर व एक ठेला बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम ग्राम लखनावली से गश्त करते हुए यामाहा कट की तरफ आ रही थी। पुलिस टीम जब सीआईएफ के आगे पहुंची तो मोटरसाइकिल का इंजन लगे एक ठेले में लोहे के गाटर भर कर तीन लोग ले जाते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर तीनों को रुकने के लिए आवाज दी तो वह तेजी से ठेले को भगाने लगे। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर ठेले को रुकवा लिया और तीनों को हिरासत में ले लिया। तलाशी में इनके पास से चाकू बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियो ने अपना नाम टिंकू व किशन बताया। तीसरा आरोपी बाल अपचारी था जिसे पुलिस ने संरक्षण में ले लिया।

पूछताछ में आरोपियो ने बताया कि ठेले में लोहे के गाटर व पाइप चोरी के हैं। उन्होंने इस सामान को कंपनी क्षेत्र से रात के अंधेरे में चोरी किया हुआ था। चोरी के इस सामान को वह बेचने के लिए जा रहे थे। ठेले में लगे इंजन के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि उन्होंने काफी समय पूर्व दिल्ली से बाइक चोरी की और उसके इंजन को ठेले में लगा लिया था। पुलिस क्योंकि ठेले को चेक नहीं करती इसलिए वह इसमें चोरी का माल ढोने का काम करते थे। दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है और बाल अपचारी को संरक्षण में लिया गया है।

# सेक्टर 11 में कल होगा 15 कुंडीय महायज्ञ

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-11 द्वारा कल 12 जनवरी को 15 कुंडीय महायज्ञ किया जा रहा है जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सांसद तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा एवं फोनरवा के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा सिरकत करेंगे।

यह जानकारी सेक्टर 11 के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने दी है। उन्होंने बताया कि यह महायज्ञ प्रात: 10.00 बजे शुरू होगा जिसमें सेक्टर वासियों के अलावा 60 से अधिक यजमान परिवार यज्ञ में आहुतियां देंगे। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा। हवन के दौरान भजन संकीर्तन भी आयोजित किया जाएगा।

# पति व देवर ने घर में घुसकर किया हमला

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-113 में एक महिला ने अपने पति व देवर के खिलाफ मारपीट कर धारदार हथियार से वार कर घायल करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति उसके दो बच्चों को भी जबरन अपने साथ ले गया है।

सर्फाबाद गांव की पंडित कॉलोनी में में रहने वाली कोमल (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका पति देव यादव और देवर अमर सिंह शराब के नशे में उसके घर आए और गाली गलौज करने लगे। उसने जब इस बात का विरोध किया तो दोनों ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर उसे लहू लुहान कर दिया। मारपीट करने के बाद उसका पति उसके (6 वर्षीय) बेटे भानु व (11 वर्षीय) बेटे लक्ष्मण को जबरन अपने साथ लेकर चला गया। पीड़िता का कहना है कि उसका अपने पति से विवाद चल रहा है। इस कारण वह अपने पति से अलग रह रही है। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।







# पुलिस कमिश्नर को एडीजी बनने पर दी बधाई



**नोएडा (चेतना मंच)।** आतंकवादी विरोधी मोर्चा के पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पंडित ने गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह को उत्तर प्रदेश में एडीजी बनाए जाने पर बधाई दी। उन्होंने प्रतीक चिन्ह के तौर पर ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट का प्रतीक चिन्ह भी पुलिस कमिश्नर को भेंट किया। राजेंद्र पंडित ने सेक्टर 108 स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह से मिलकर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध नगर में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में कानून व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है। उनके एडीजी बनने के बाद पूरे प्रदेश को उनके लंबे अनुभव का


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

## खास खबर

### ग्रीस में मिला एचएमपीवी का संक्रमण

**एथेंस।** ग्रीस में एक व्यक्ति में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) संक्रमण की पुष्टि हुई है। मरीज को निमोनिया और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित था और उसे थेसालोनिकी में गहन देखभाल में रखा गया है। स्वास्थ्य कर्मचारियों को कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करने और सख्त स्वच्छता उपायों को अपनाने की सलाह दी है। इस संबंध में एथेंस के नेशनल एंड कपोडिस्ट्रियन विश्वविद्यालय के महामारी विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर गिकिकास मैगियोर्किनिस ने जनता को आश्वस्त किया कि इस वायरस को लेकर घबराने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि यह वायरस पहले से ही मौजूद है और खतरनाक नहीं है। यह वायरस पहले से ही 2001 से मौजूद है और अब तक इसके कारण किसी गंभीर प्रभाव की सूचना नहीं है। इंडोनेशिया के स्वास्थ्य मंत्री बुदी गुनादी सादिकिन ने भी मंगलवार को इस वायरस की पुष्टि की थी और बताया कि इससे संक्रमित कई बच्चे सामने आए हैं, लेकिन यह बीमारी खतरनाक नहीं है।

### लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी आग

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी आग अब शहर के रिहायशी इलाकों तक पहुंच गई है। इसे राज्य के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी आपदा बताया जा रहा है। वहीं अधिकारियों ने बताया कि इस भीषण आग में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तूफानी हवा के झोंकों ने आग को और भड़का दिया है। बुधवार को अंगारे सैकड़ों गज तक फैल गए हैं और दमकलकर्मी उन्हें बुझा नहीं पा रहे हैं। इस बीच राष्ट्रपति बाइडेन ने आपतकाल की घोषणा कर दी है। बाइडेन ने बुधवार को मीडिया से कहा, हम हरसंभव प्रयास कर रहे हैं और इन आग को रोकने के लिए जितना संभव हो सके कर रहे हैं। कैलिफोर्निया की सबसे पसंदीदा रियल एस्टेट का एक बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया है। लॉस एंजिल्स काउंटी के अग्निशमन प्रमुख एंथनी मार्रोन ने बताया कि इस तरह की आपदा उन्होंने पहले कभी नहीं देखी थी।

### प्रीतीश नंदी का निधन, शोक में डूबी फिल्मी दुनियां

**मुंबई।** फिल्म निमार्ता, चित्रकार और पत्रकार प्रीतीश नंदी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया, जिससे फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर है। प्रीतीश नंदी के निधन पर करीना कपूर खान, अनिल कपूर, अनुपम खेर और अन्य फिल्मी सितारों ने सोशल मीडिया पर शोक जताया है। अभिनेता अनिल कपूर ने इस खबर को झटका बताते हुए नंदी के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने पोसट में लिखा- प्रीतीश नंदी निडर और एक साहसी इंसान थे। वह हमेशा ईमानदारी के साथ खड़े रहते थे और हमेशा दूसरों की मदद करते थे। मुझे आज भी वह वीकली कवर शूट याद है, जब उन्होंने मेरी असहजता को समझते हुए उसे तुरंत रद्द कर दिया था। वहीं अभिनेत्री करीना कपूर खान ने प्रीतीश के साथ फिल्म चमेली से जुड़ी एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। अभिनेता संजय दत्त और सोफी चौधरी ने पोस्ट में प्रीतीश नंदी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# एचएमपीवी महज सर्दियों में होने वाला सामान्य संक्रमण : डब्ल्यूएचओ

एजेंसी

**जिनेवा।** सर्दियों के दौरान सांसो से जुड़े संक्रमण में बढ़ोतरी और ह्यूमन मेटाप्न्यूमोवायरस (एचएमपीवी) को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की अधिकारी मार्गरेट हैरिस ने इसको लेकर पहली बार बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सर्दियों और वसंत ऋतु के दौरान श्वसन संक्रमणों का बढ़ना सामान्य है और इससे घबराने की जरूरत नहीं है। बता दें कि बीते दिनों एचएमपीवी ने भारत में भी दस्तक दे दी है। देश में एचएमपीवी के 5 नए मामले सामने आए थे। इनमें से 2 मामले कर्नाटक में, 2 तमिलनाडु में और 1 गुजरात में मिले थे। हालांकि केंद्र सरकार ने आश्वस्त किया था कि इससे घबराने की कोई जरूरत नहीं है। मार्गरेट हैरिस ने यह भी कहा कि चीन में श्वसन संक्रमण के जो मामले सामने आ रहे हैं, वे सामान्य स्तर पर हैं और सर्दियों के मौसम में इस तरह के मामले अक्सर आते रहते हैं। उन्होंने बताया कि चीन में अस्पतालों का उपयोग दर पिछले साल की तुलना में इस समय कम है और किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति घोषित नहीं की गई है। हैरिस ने यह स्पष्ट किया कि ह्यूमन मेटाप्न्यूमोवायरस कोई नया वायरस नहीं है। इसे पहली बार 2001 में पहचाना गया था और यह लंबे समय से मानव आबादी में मौजूद है। यह वायरस सर्दियों और वसंत के मौसम में सक्रिय होता है और इसके लक्षण सामान्य सर्दी जैसे होते हैं। उन्होंने बताया कि चीन के रोग नियंत्रण केंद्र के आंकड़ों के अनुसार, मौसमी इन्फ्लुएंजा वायरस सबसे ज्यादा मामलों में सामने आ रहा है। दिसंबर के अंत में इन्फ्लुएंजा के लिए टेस्ट पॉजिटिविटी रेट 30प्रतिशत से अधिक थी, जो आउटपेशेंट और आपातकालीन विभागों में फ्लू जैसे लक्षणों के साथ प्रस्तुत होने वाले मरीजों के लिए सामान्य है। हैरिस ने संक्रमण से बचाव के लिए सरल उपाय अपनाने की सलाह दी है। ये वही उपाय हैं, जो कोविड-19 के दौरान सुझाए गए थे। उन्होंने कहा, सर्दियों के दौरान बीमार होने से बचने के लिए सबसे अच्छा तरीका है, संक्रमण से बचाव के उपायों को अपनाना।



## 70 से अधिक रेलवे स्टेशनों का किया जा रहा विकास : प्रधानमंत्री

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने कहा कि विशाखापत्तनम के नए शहर में साउथ कोस्ट रेलवे जोन के मुख्यालय की आधारशिला रखी गई है। उन्होंने आंध्र प्रदेश के लिए इस विकास के महत्व पर प्रकाश डाला, जिससे एक अलग रेलवे जोन की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि साउथ कोस्ट रेलवे जोन मुख्यालय की स्थापना से क्षेत्र में कृषि और व्यापार गतिविधियों का विस्तार होगा और पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए नए अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने हजारों करोड़ रुपये की कनेक्टिविटी परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास का भी उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा कि आंध्र प्रदेश 100% रेलवे विद्युतीकरण वाले राज्यों में से एक है और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 70 से अधिक रेलवे स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि आंध्र प्रदेश के लोगों की यात्रा को आसान बनाने के लिए सात वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत ट्रेन चलाई जा रही हैं।

# सऊदी अरब में भारी बारिश, तूफान का अलर्ट

एजेंसी

**रियाद।** सऊदी अरब में भारी बारिश, तेज हवाओं और ओलों के साथ देश के कई हिस्सों में आंधी-तूफान का कहर जारी है। नेशनल सेंटर फॉर मेट्रोलॉजी (एनसीएम) ने राजधानी रियाद, मक्का, असीर, और बहा समेत कई इलाकों में रेड अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश, ओले और धूल भरी आंधी के साथ दृश्यता कम होने की चेतावनी भी जारी की है।



सऊदी के मौसम विभाग के मुताबिक मक्का, मदीना और जेद्दा में भारी बारिश से निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। रियाद में मौसम की पहली बारिश दर्ज की गई, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। लोगों को जलभराव वाले इलाकों और घाटियों से दूर रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने अनुमान है कि देश के उत्तरी हिस्सों में तापमान में गिरावट आएगी। वहीं, रियाद, कासिम, पूर्वी क्षेत्र और जजान में धूल भरी आंधी चलने की संभावना है। लाल सागर के ऊपर हवाओं की गति 20-50 किमी प्रति घंटा रहने का अनुमान है, जिससे समुद्र में लहरों की ऊंचाई डेढ़ से दो मीटर ऊपर तक पहुंच सकती है। सोशल मीडिया पर मक्का, मदीना और जेद्दा के वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें सड़कों पर पानी भरा हुआ और डूबी हुई कारें दिखाई दे रही हैं। सिविल डिफेंस ने नागरिकों को घर के अंदर रहने और सुरक्षा निदेर्शों का सख्ती से पालन करने का आग्रह किया है।

सऊदी अरब के मौसम में पिछले कुछ सालों में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। जहां रेतीले इलाकों में हरी घास उगने के मामले सामने आए हैं, वहीं अब भारी बारिश और बाढ़ की घटनाएं सामने आ रही हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण इस क्षेत्र में मौसम असामान्य हो गया है। खराब मौसम से बढ़ते खतरे के बीच, सऊदी प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए जनता को सुरक्षित रहने के निर्देश दिए हैं।

## ओम बिरला ने की ऋषि सुनक से मुलाकात

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इन दिनों ब्रिटेन के दौरे पर हैं। ओम बिरला ने ब्रिटेन के पूर्व पीएम ऋषि सुनक से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। बिरला ने अपनी मुलाकात के बारे में सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उन्होंने ब्रिटेन और भारत के ऐतिहासिक संबंधों, संसदीय लोकतंत्र के साझा मूल्यों, और कई समकालीन मुद्दों पर भी चर्चा की। इनमें सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), सोशल मीडिया, फर्जी खबरों के प्रभाव और इन चुनौतियों से निपटने के लिए उपयुक्त कानूनों की जरुरत पर भी विचार किया। ओम बिरला ने ऋषि सुनक को पीएम मोदी की कई प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी दी।

## होमगार्ड जवान ने की पत्नी बेटी और भतीजी की हत्या

एजेंसी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक होमगार्ड जवान ने जालाहल्ली क्रॉस पर अपनी पत्नी, बेटी और भतीजी की बेरहमी से हत्या कर दी। सूचना मिलने पर गश्ती टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और तीनों को मृत पाया, जिनके शरीर पर धारदार हथियार से चोट के निशान थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बेंगलुरु पूर्व के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बताया गश्ती टीम को सूचना मिली थी कि जालाहल्ली क्रॉस पर तीन शव पड़े हैं उसके तुरंत टीम घटनास्थल पर पहुंची और तीनों के शव बरामद किए। वहीं होमगार्ड जवान गंगाराजू को मौके से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि हत्या करने के बाद आरोपी गंगाराजू ने हथियार लेकर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि हत्याओं के पीछे का मकसद अभी पता नहीं चल सका है और आगे की पूछताछ के बाद इसका पता लगाया जाएगा। जहां आरोपी गंगाराजू का परिवार पिछले पांच सालों से किरायेदार से रह रहा था वहां के मकान मालिक ने बताया कि इससे पहले उनके बीच झगड़ा हुआ था। पुलिस ने बताया कि मकान मालिक को संदेह है कि घटना के समय गंगाराजू नशे में होगा। होमगार्ड गंगाराजू ने पत्नी भाग्या (36), बेटी नव्या (19) और भतीजी हेमावती (23) की हत्या कर दी।

## दिल्ली चुनाव में भाजपा और आप के बीच पोस्टर वॉर तेज

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच पोस्टर वॉर तेज हो गया है। पिछले 9 दिनों में दोनों दलों ने एक-दूसरे के खिलाफ आरोप-प्रत्यारोप के पोस्टर और एडिटेड वीडियो शेयर किए हैं। भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जुड़ी चार पोस्टर साझा किए, जिसमें एक में उन्हें गोविंदा की फिल्म राजा बाबू के रूप में दिखाया गया, वहीं दूसरे पोस्टर में केजरीवाल के साथ एक टॉयलेट शीट की फोटो लगाकर टॉयलेट चोर का आरोप लगाया। इसके अलावा भाजपा ने केजरीवाल को दुलकर सलमान की फिल्म लकी भास्कर के पोस्टर के रूप में भी पेश किया। भाजपा के इन पोस्टरों के जवाब में आप ने भी 8 पोस्टर और एडिटेड वीडियो शेयर किए। दोनों पार्टियां एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रही हैं, जो सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है। आप ने पहले ही अपनी पूरी सूची उम्मीदवारों की घोषित कर दी है, जिसमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली सीट से चुनाव मैदान में है। इस बीच, कांग्रेस ने भी अपनी तीन लिस्ट में 48 उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस ने महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा को कालकाजी सीट से प्रत्याशी बनाया है, जबकि भाजपा ने अपनी पहली लिस्ट में 29 उम्मीदवारों का ऐलान किया है, जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रवेश वर्मा को नई दिल्ली से उम्मीदवार बनाया गया है।

## सड़क हादसे में दो की मौत

**मुंबई।** सुपरस्टार राम चरण की आगामी फिल्म गेम चेंजर के प्री-रिलीज इवेंट से लौट रहे दो फैंस की सडक हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, काकिंडा के गाइगोलुपाडु के रहने वाले अरवा मणिकांता (23) और थोका चरण (22) इस कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में, एक तेज रफ्तार वैन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दोनों को गंभीर चोटें आईं और उन्हें तुरंत पेड्डापुरम के अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, उनकी चोटें इतनी गंभीर थीं कि डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से राम चरण के फैंस और उनके परिवारों में शोक की लहर दौड़ गई।

# रूस ने यूक्रेन पर दागी मिसाइलें, 13 की मौत

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस ने दक्षिणी यूक्रेन के जापोरिज्जिया शहर पर मिसाइलें दागीं जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई जबकि 30 अन्य घायल हो गए। रूस के अधिकारियों ने इस हमले में एक बड़े ड्रोन हमले की बात मानी है और कहा कि उन्होंने लड़ाई के लिए एक आपातकालीन कमांड सेंटर स्थापित किया है। वहीं यूक्रेन ने भी अपनी तरफ से लंबी दूरी की मिसाइलों और ड्रोन का शस्त्रागार विकसित करने की कोशिशें शुरू कर दी हैं ताकि वह रूस में पश्चिमी आपूर्ति वाली मिसाइलों से हमला कर सके। यूक्रेन ने ड्रोन और मिसाइलों को अपनी सेना के लिए बेहद महत्वपूर्ण बनाते हुए सीमाओं तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इससे पहले यूक्रेनी जनरल स्टाफ ने बताया कि रूस के सारातोव क्षेत्र के एंगेल्स में एक भंडारण सुविधा पर ड्रोन हमला हुआ था। इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन ड्रोन के मलबे से एक औद्योगिक संयंत्र में आग लग गई। यह हमला हुआ और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इसे नागरिक क्षेत्रों पर किए गए एक और क्रूर हवाई हमले के रूप में बताया। आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंची जेलेंस्की ने कहा कि इस हमले के दौरान कई लोग मलबे के नीचे दब गए थे और उन्हें बचाने के लिए आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंची। उन्होंने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक पोस्ट की जिसमें नागरिक मलबे से भरी सड़कों पर पड़े हुए दिखाई दे रहे थे। राष्ट्रपति ने इसे नागरिकों पर किए गए हवाई हमलों की क्रूरता का उदाहरण बताया। जापोरिज्जिया क्षेत्र के गवर्नर इवान फेडोरोव ने कहा कि हमले से कुछ मिनट पहले ही उन्होंने विनाशकारी ग्लाइड बम और मिसाइल हमलों की चेतावनी दी थी। दोपहर में रूसी सैनिकों ने जापोरिज्जिया में ग्लाइड बम गिराना शुरू कर दिया और इनमें से कम से कम दो बम शहर की आवासीय इमारतों पर गिरे। फेडोरोव ने घोषणा की कि गुरुवार को इस क्षेत्र में शोक का दिन होगा।



## जिलाधिकारी ने विभिन्न घाटो का किया निरीक्षण

एजेंसी

**मीरजापुर ।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल पहुंचकर पर्यटन विभाग के द्वारा दीवान घाट से मोती झील तक 1.5 किलोमीटर तक पाथवे निर्माण व लगभग 550 मीटर घाट निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। स्थानीय अभियंता सी0एण्ड0डी0एस0 के द्वारा जिलाधिकारी को जानकारी देते हुए बताया कि मोती झील से पक्का घाट तक 700 मीटर पाथवे निर्माण व अखाड़ा घाट से पक्का घाट तक घाट 300 मीटर डेवलेपमेंट का कार्य कराया जा रहा हैं। इस दौरान जिलाधिकारी ने पक्का घाट, अखाड़ा घाट, बालू घाट एवं दीवान घाट का भ्रमण कर निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कराए जा रहे कार्यो की गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए खराब पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उनहोंने कहा कि घाटो के बन जाने से श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी नही होगी। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वि/रा शिव प्रताप शुक्ल, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, स्थानीय अभियंता सी.एण्ड.डी.एस. तनवीर आला उपस्थित रहें।



## ईडी ऑफिस का डिप्टी डायरेक्टर गिरफ्तार

**शिमल।** ढाई करोड़ की रिश्वत के मामले में सीबीआई शिमला में ईडी दफ्तर के फरार डिप्टी डायरेक्टर को सीबीआई टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी डिप्टी डायरेक्टर विशालदीप को सीबीआई की टीम ने मुंबई से गिरफ्तार किया। फिलहाल, अब आरोपी को चंडीगढ़ लाया जाएगा। बीते कई रोज से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के शिमला जोनल ऑफिस का डिप्टी डायरेक्टर फरार चल रहा था। इस मामले में सीबीआई टीम ने तीन बार शिमला दफ्तर में रेड डाली है। यहां का पूरा स्टाफ भी बदल दिया गया था। रिश्वतखोरी केस में सीबीआई ने डिप्टी डायरेक्टर के भाई को भी गिरफ्तार किया है।

### एटीएस आउटर डिस्ट्रिक्ट ने गैंगबार को किया नाकाम

## सौरव उर्फ काला को किया गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** योग्य डीसीपी श्री सचिन शर्मा के मार्गदर्शन में इंस्पेक्टर जसमोहिंदर चौधरी के नेतृत्व में एएटीएस आउटर डिस्ट्रिक्ट का अपराध पर अंकुश लगाने का प्रयास लगातार जारी है, इसी सिलसिले एएटीएस आउटर डिस्ट्रिक्ट की टीम में एएसआई शक्ति को अपने मुखबिर से एक सूचना मिली कि सौरव उर्फ काला नाम का एक व्यक्ति जो हरियाणा का रहने वाला है और अवैध आग्नेयास्त्र लेकर चलता है, उसे दिल्ली के मंगोलपुरी के औद्योगिक क्षेत्र में घूमते देखा गया है जोकि कोई बड़ी गैंगबार कर सकता है मामले की गंभीरता को देखते हुए



इंस्पेक्टर जसमोहिंदर चौधरी के नेतृत्व में एसआई अभिलाष चौधरी, एएसआई शक्ति, एचसी अमित, एचसी दीपक, कांस्टेबल मंजीत और कांस्टेबल अवनीश सहित एक टीम का गठन किया गया, जिसने एसीपी नरेंद्र खत्री के मार्गदर्शन में मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र में संदिग्ध की तलाश शुरू की गई,समर्पित टीम जब मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र में डबलनाथ वाटिका पार्क के पास पहुंची तो जिस संदिग्ध की पहचान मुखबिर ने की थी उसे टीम ने पकड़ लिया और उसकी निजी तलाशी ली गई, उसकी निजी तलाशी के दौरान, उसके पास एक अवैध देशी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस पाए गए। उसने अपना नाम और पता सौरव उर्फ काला पुत्र बिजेंद्र निवासी गाँव जाहरी, जिला सोनीपत, हरियाणा, उम्र 22 वर्ष बताया, अवैध देशी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस जब्त कर पुलिस कब्जे में ले लिए है और होने वाली गैंगबार को नाकाम कर दिया पुलिस में मामला दर्ज कर आगे की करवाई शुरू कर दी है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा....**

हर भक्त को दर्शन कराने की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने बताया कि रामलला का विशेष अभिषेक किया गया। इस दौरान रामलला को स्नान कराया गया, फिर इत्र का लेपन हुआ, फिर उन्हें सलोने रंग के वस्त्र पहनाए गए, जो सोने की आभा वाले हैं। रामलला को चौड़े हार और सोने का मुकुट पहनाकर फूल-मालाओं से सजाया गया।

**'मारकर डाल देंगे,....**

उससे लिए गए पैसे को मनीषा ने प्लॉट मालिक नरेश कुमार को नहीं दिया। पूरा पैसा नहीं मिलने के कारण प्लॉट मालिक ने रजिस्ट्री प्रक्रिया को अधर में छोड़ दिया और प्लॉट किसी दूसरे व्यक्ति को बेच कर उसके पैसे वापस कर दिए। उसने जब मनीषा से अपने 1119500 वापस मांगे तो उसने लौटाने से साफ इनकार कर दिया। पुष्पेंद्र कुमार गौड़ ने बताया कि वह जब भी मनीषा से अपने पैसे वापस मांगता है तो वह उसके साथ गाली गलौज करती है। बीते 22 नवंबर की रात्रि को वह अपने ऑफिस से घर आ रहा था। रास्ते में चिपियाना से पहले ए बी एस कॉलेज के पास सुनसान जगह पर उसे दो लोगों ने रोक लिया। चेहरा ढके इन दोनों लोगों के हाथ में चाकू और तमंचा था। इन लोगों ने उसके साथ मारपीट करते हुए कहा कि अगर उसने पैसे मांगे और पुलिस में जाने की हिम्मत की तो उसे मार कर ऐसी जगह डाल देंगे जहां लाश भी नहीं मिलेगी।

पीड़ित के मुताबिक दोनों आरोपियों में से एक व्यक्ति दिनेश सिंह था। पीड़ित ने अपनी हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को बताया कि इन लोगों ने उसके पीछे अनजान लोग लगाए हुए हैं। पैसे ना देना पड़े इसलिए मनीष उसकी हत्या की साजिश रच रही है। थाना बिसरख पुलिस ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

**कॉलेज का दोस्त...**

और 30 हजार रुपए निकाल लिए। इसके बाद उसने शाबाद अली से संबंध खत्म कर दिए। इसके बावजूद भी शाबाद उसे लगातार फोन करता रहा। फोन ना उठाने पर वह धमकी भरे मैसेज करता है और उसके परिवारजन तथा रिश्तेदारों को फोन कर धमकता है।

पीड़िता का आरोप है कि जब वह उसका फोन नहीं उठाती है तो वह उसे व्हाट्सएप पर मैसेज कर गाली गलौज करता है। पीड़िता के मुताबिक शाबाद अली उसे पैसों के लिए भी ब्लैकमेल कर रहा है। आरोपी की इस हरकत से उसका जीना मुहाल हो गया है। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

**गौर सिटी के फ्लैट ....**

ब्रेसलेट और घर की चाबी का सेट अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया। उसने चोरी गए सामान की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है।

**रोडरेज में मीडियाकर्मी के ....**

राहुल ठाकुर के मुताबिक कार में सवार पांचों युवक शराब के नशे में चूर थे। उसने जब सबूत के तौर पर घटनास्थल का वीडियो बनाना शुरू किया तो युवकों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए फोन छीनने की कोशिश की। किसी तरह वह अपनी कार में बैठकर वहां से निकला। इसके बाद युवकों ने उसका पीछा किया और दो बार फिर उसकी कार में टक्कर मारी। इस दौरान एक बाइक सवार भी घायल हो गया। कार सवार युवकों ने ओवरटेक कर उसकी कार को रुकवा लिया और अपनी कार से लाठी डंडे निकालकर उस पर हमला करने का प्रयास किया। किसी तरह वह युवकों के चंगुल से भाग निकला और ट्वीट कर नोएडा पुलिस को जानकारी दी।

थाना प्रभारी ने बताया कि मीडियाकर्मी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए कार नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**दसवीं की छात्रा....**

वीरेश (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी कक्षा 10 में पढ़ती है। वह घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। स्कूल की छुट्टी होने के बाद जब वह काफी देर तक घर नहीं पहुंची तो उन्होंने उसकी तलाश की। स्कूल में पूछने पर पता चला कि उनकी बेटी स्कूल नहीं आई थी। उन्होंने अपनी बेटी की हर जगह तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। पीड़ित ने घर के सामने नाई की दुकान पर काम करने वाले एक लड़के पर अपनी बेटी को बहला फूसला कर भगा ले जाने का शक जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और किशोरी व आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**पुरानी रंजिश में .....**

टक्कर मारने का कारण पूछा तो वह उसकी कार के शीशे व बोनट पर लात घुसे मारने लगे। खुद को घिरा देखकर उसने अपनी गाड़ी को लॉक कर लिया और तुरंत 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। उसने अपने मोबाइल फोन से वीडियो बनाने की कोशिश की जिसके बाद कुशल भाटी व उसके साथी कार में बैठकर वहां से फरार हो गए। पीड़ित का आरोप है कि इस दौरान इन लोगों ने अपने हाथों में लिए तमंचे से जान से मारने की नीयत से फायर भी किया लेकिन वह बाल बाल बच गया।

रिंकल भड़ाना के मुताबिक दिन का समय एवं सार्वजनिक स्थान होने के कारण कुशल भाटी व उसके साथी कोई अप्रिय घटना नहीं कर पाए। उसने आशंका जताई है कि कुशल भाटी भविष्य में उसके तथा परिवार के साथ किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**सिक्योरिटी गार्ड व युवक की....**

ललन शर्मा अपने दोस्त की बाइक पर बैठकर घर आ रहा था। सेक्टर-57 की रेड लाइट पर तेज गति में आ रहे ट्रैक्टर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ललन शर्मा बाइक से नीचे गिर गया और ट्रैक्टर का पहिया उसके सिर के ऊपर से उतर गया। इस हादसे में ललन शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। मृतक के बहनोई कृष्ण चंद शर्मा ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी वाहन चालकों की तलाश कर रही है।

खास खबर

## आकाश दीप एक माह तक खेल से बाहर

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप सिंह चोटिल होने के कारण करीब एक महीने तक खेल से दूर रहेंगे। आकाशदीप को हाल के ऑस्ट्रेलिया दौरे में चोट लगी थी। आकाशदीप ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में पीठ दर्द के कारण नहीं खेले थे। आकाशदीप तब तकरीबन एक महीने तक कोई मैच नहीं खेल पाएंगे। इस दौरान बेंगलुरू स्थित एनसीए (नेशनल क्रिकेट एकेडमी) में उनका इलाज ओर रिहैबिलिटेशान होगा। आकाश दीप को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दो टेस्ट मैच में खेलने का अवसर मौका मिला था। इसमें वह पांच विकेट लेने में सफल रहे थे। अब तक आकाश ने कुल 7 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्हें अब तक एकदिवसीय और टी20 खेलने का अवसर नहीं मिला है। उनके इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में अवसर मिल सकता था पर चोटिल होने के कारण यें सभावना समाप्त हो गयी है।

## कराटे चैंपियनशिप में बनर्जी ने जीता खिताब

रानीगंज। कौशल, दृढ़ संकल्प और लचीलेपन का असाधारण प्रदर्शन करते हुए कोलकाता की 16 वर्षीय कराटेका ऋषिका बनर्जी ने राष्ट्रीय पूर्ण संपर्क कराटे चैम्पियनशिप 2025 जीत लिया है, इसी के साथ वह यह चैम्पियनशिप जीतने वाली सबसे कम उम्र की विजेता बन गई हैं। ओपन-वेट वयस्क वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए, ऋषिका की जीत ने टूनार्मेंट की विरासत में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर चिह्नित किया। पश्चिम बंगाल के रानीगंज में आयोजित इस चैंपियनशिप में ऋषिका ने चार मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के साथ कठिन मुकाबले खेले, जिनमें से प्रत्येक कई कठिन दौरों तक चला। चुनौतियों के बावजूद, ऋषिका ने शानदार तकनीक और मानसिक दृढ़ता का प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। अपनी जीत पर ऋषिका ने एक आधिकारिक बयान में कहा, यह जीत सिर्फ. मेरे लिए नहीं बल्कि हर उस युवा मार्शल आर्टिस्ट के लिए है जो बड़े सपने देखता है।

## मिस्ट्री गर्ल के साथ नजर आये चहल

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की जिंदगी में आजकल सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पत्नी धनश्री वर्मा से उनके अलगाव की खबरें आ रही हैं। चहल और धनश्री ने साल 2020 में शादी की थी पर अब इन दोनो के संबंधों में दूरी आ गयी है। इसका संकेत इससे मिलता है कि दोनो ने ही सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। चहल ने अपनी पत्नी के साथ वाली तस्वीरें भी हटा दीं हैं। वहीं अब मुंबई के एक होटल के बाहर चहल एक मिस्ट्री गर्ल के साथ दिखे हैं जिससे भी अफवाएं बढ़ रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार चहल ने फोटोग्राफर्स को देखकर अपना चेहरा छुपाने का प्रयास कर रहे थे पर उनकी तस्वीर ऑनलाइन लीक हो गई। तस्वीर में चहल सफेद टी-शर्ट और बैगी जींस में थे, और उनका चेहरा ढका हुआ था। वहीं मिस्ट्री गर्ल स्वेटशर्ट और काली जींस में नजर आयी।

## आकाशदीप एक महीने के लिए बाहर

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज और संभावित रूप से चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में वापसी करने की उम्मीद है। नवंबर 2023 में विश्व कप फाइनल के बाद से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज ने हाल ही में सफेद गेंद क्रिकेट खेलना फिर से शुरू किया है और उनके भारतीय टीम के लिए उपलब्ध होने की संभावना है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार, एनसीए की मेडिकल टीम शमी की बारीकी से निगरानी कर रही है, जिनकी दाहिनी एड़ी की सर्जरी हुई है। एड़ी ठीक हो गई है, लेकिन उनके घुटने में हल्की सूजन है, जिसके कारण उन्हें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद के चरणों के लिए विचार से बाहर कर दिया गया है। हाल ही में, शमी ने बंगाल के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कुछ खेलों में भाग लिया है और गुरुवार को बड़ौदा में हरियाणा के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल में फिर से खेलने के लिए तैयार हैं।

# जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

एजेंसी

**राजकोट ।** स्मृति मंधाना की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रही एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज में जीत के इरादे से उतरेगी। हाल में वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 सीरीज में जीत से टीम उत्साहित है और उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। मंधाना ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनो ही प्रारूपों में सबसे अधिक रन बनाए। अब उनका लक्ष्य इस सीरीज में भी बेहतर बल्लेबाजी करना रहेगा। इस सीरीज में नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर को आराम देकर मंधाना को कप्तानी दी गयी है। हरमनप्रीत के अलावा तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को भी आराम दिया गया है। ऐसे में इस सीरीज में हरलीन देयोल, प्रतीका रावल को शामिल किया गया है। टीम में रन बनाने की



जिम्मेदारी मंधाना के अलावा जेमिमा रौड्रिग्स पर भी रहेगी।
गेंदबाजी में रेणुका के नहीं होने से अब नई गेंदबाज टिटास साधू और साइमा ठाकोर को शामिल किया गया है। एकदिवसीय में तीन और टी20 में 13 विकेट ले चुकी साधू इस बार भी बेहतर करना चाहेंगी। उन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी रफ्तार और स्विंग से प्रभावित किया है। वहीं साइमा ने अब तक आठ एकदिवसीय में सात विकेट लिए हैं। इसके अलावा आफ स्पिनर और उपकप्तान दीप्ति शर्मा की भूमिका भी अहम होगी जिसने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में 31 रन देकर छह विकेट लिये । उनका साथ देने के लिये प्रिया मिश्रा और तनुजा कंवर होंगी। ऑलराउंडर राघवी बिष्ट और सयाली सतघारे को भी टीम में शामिल किया गया है। वह इस अवसर का लाभ उठाना चाहेंगी। वहीं दूसरी ओर गैरी लुईस की कप्तानी वाली आयरलैंड भी अपनी ओर से पूरी तकता लगा देगी। आंकड़ों पर नजर डालें तो आयरलैंड टीम ने अब तक 12 एकदिवसीय में एक भी बार भारत को नहीं हराया है। ऐसे में इस सीरीज में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है।

### दोनो टीमें

**भारत :** स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा, प्रतीका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रौड्रिग्स, उमा छेत्री, रिचा घोष, तेजल हसंबिस, राघवी बिष्ट, मिन्नू मनी, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, टिटास साधू, साइमा ठाकोर, सयाली सतघारे।

**आयरलैंड :** गैबी लुईस (कप्तान), एवा केनिंग, क्रिस्टिना रीली, अलाना डालजेल, लौरा डेलानी, जॉर्जिना डेंपसे, सारा फोर्ब्स, अलेर्ने केली, जोआना लोगरान, एमी मागिरे, लीह पॉल, ओर्ला प्रेंडेरगास्ट, उना रेमंड होए, फ्रेया सार्जंट, रेबेका स्टोकेल।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका दौरे के लिए की टीमघोषित, स्मिथ करेंगे कप्तानी

एजेंसी

**सिडनी ।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने श्रीलंका के खिलाफ इसी माह 29 जनवरी से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 16 खिलाड़ियों की अपनी टीम घोषित कर दी है। इस टीम की कप्तानी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को दी गयी है क्योंकि टीम के नियमित कप्तान पैट कमिंस अभी निजी कारणों से टीम से बाहर हैं। इसके साथ ही वह उनके टखने में भी चोट है। इस दौरे में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व अंडर-19 क्रिकेट टीम के उपप्तान कूपर कोनोली को भी जगह मिली है। इसके अलावा युवा खिलाड़ी नाथन मैकस्वीनी की भी वापसी हुई है। मैकस्वीनी को भारत के खिलाफ सीरीज में विफल होने के कारण अंतिम टेस्ट से बाहर कर दिया गया था। स्पिनर मैट कुहनेमैन और टॉड मर्फी को भी टीम में जगह मिली है। जोश हेजलवुड और मिशेल मार्श को फिट नहीं होने के कारण टीम में




जगह नहीं मिली है। , वहीं ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल, स्पिनर एडम जाम्पा और पीटर हैंड्सकॉम्ब जैसे खिलाड़ियों को दौरे के लिए संभावित खिलाड़ियों के रूप में गया था पर टीम में शामिल नहीं किया गया है। चयनकताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि श्रीलंका में लाल गेंद से खेलने का अनुभव खिलाड़ियों के लिए काफी अच्छा रहेगा। बेली ने कहा, श्रीलंका दौरा चुनौतीपूर्ण रहेगा क्योंकि यहां खिलाड़ियों को अलग-अलग हालातों का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही कहा कहा, हम उन टीम के सदस्यों के लिए भी उत्साहित हैं।

# गुजरात, उत्तर प्रदेश की पुरुष टीमें शीर्ष दस में पहुंची

एजेंसी

**भावनगर।** गुजरात के भावनगर स्थित सिदसर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रही 74वीं सीनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में गुजरात और उत्तर प्रदेश की पुरुष और पश्चिम बंगाल व महाराष्ट्र की महिला टीमें लेवल 2 से शीर्ष 10 में पहुंच गई हैं। यह चैंपियनशिप गुजरात बास्केटबॉल एसोसिएशन के सहयोग से भारतीय बास्केटबॉल महासंघ के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। आज सुबह पुरुष वर्ग के क्वालीफाइंग दौर के मैचों में गुजरात ने असम को 78-41 से हराया। गुजरात के लिए सहज कुमार पटेल ने सरवाधिक 25 अंक अर्जित

सीनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप



किये, सहज के अलावा नमन ने 17 और कृष्णा ने 15 अंक अर्जित किये, जबकि असम के लिए जय प्रकाश ने 23 और अमित ने 16 अंक बनाए। वहीं, उत्तर प्रदेश ने ओडिशा को 84-59 से हराया। उत्तर प्रदेश के लिए रियांशु ने 19, हर्ष डागर ने 14 और सत्यजीत ने 12 अंक हासिल किये, जबकि ओडिशा के लिए अमित और शाहिद ने 19-19 अंक बनाए। महिला वर्ग में महाराष्ट्र ने तेलंगाना को 64-49 से हराया। महाराष्ट्र के लिए शिरीन लिमाए (16) और अंकिता (14) शीर्ष स्कोरर रहीं। वहीं, तेलंगाना के लिए सुदर्शिनी ने 16 और दुर्गा ने 15 अंक हासिल किये। पश्चिम बंगाल ने पुडुचेरी को 62-49 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पश्चिम बंगाल के लिए नीमा दोमा (18) और अवनि वर्धन (17) शीर्ष स्कोरर रहीं। वहीं, पांडुचेरी के लिए हारिनी बी ने 19 और वर्षिनी ने 10 अंक हासिल किये। बुधवार को पुरुष वर्ग में अंतिम सीटी बजने से तीन सेकंड पहले सहज प्रताप सिंह सेखों के तीन-पॉइंटर की मदद से भारतीय रेलवे ने ग्रुप ए के मैच में पंजाब को (73-72) हराया, जबकि ग्रुप बी के एक अन्य मैच में केरल ने सर्विसेज को (63-52) हराकर चौंका दिया।

# मैंने वेवजह बुमराह को उकसा दिया : कोंस्टास

एजेंसी

**सिडनी।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने डेब्यू मैच में शानदार प्रदर्शन कर सभी की नजरों में आये ऑस्ट्रेलिया के युवा सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास इस मैच में विवादों में भी रहे। उनकी विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह से झड़प तक हुई थी जिसके बाद अंपायर तक को हस्तक्षेप करना पड़ा था। डेब्यू मैच ही कोंस्टास की विराट के साथ भिड़ंत हो गई थी। इसके बाद सीरीज के अंतिम मुकाबले में कोंस्टास बुमराह से भिड़ गये। उसी को लेकर अब कोंस्टास का कहना है कि उससे गलती हुई। उन्होंने



बेवजह ही बुमराह को उकसा दिया था। बुमराह के साथ हुई झड़प को लेकर कोंस्टास ने कहा, मैं ज्यादा परेशान नहीं हुआ। दुर्भाग्य से, उस्मान ख्वाजा आउट हो गए। वह थोड़ा समय निकालने की कोशिश कर रहे थे। शायद यह मेरी गलती थी कि मैंने बुमराह को उकसा दिया था, लेकिन ऐसा होता है। यह क्रिकेट है। इसका श्रेय बुमराह को जाता है। उन्होंने विकेट हासिल किया। कोंस्टास को ऑस्ट्रेलिया के लिए बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में डेब्यू का मौका मिला था। कोंस्टास ने बुमराह के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी की थी। जिससे वह अतिउत्साहित थे। इसी दौरान उनको विराट कोहली का कंधा लग गया। जिससे दोनो के बीच विवाद हो गया।

## विराट अभी रिटायर होते हैं तो भारतीय टीम का होगा नुकसान : क्लार्क

एजेंसी

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा है कि अगर अभी विराट कोहली संन्यास लेते हैं तो भारतीय क्रिकेट टीम को सबसे ज्यादा नुकसान हो सकता है। क्लार्क के अनुसार हाल के खराब प्रदर्शन के बाद विराट को टीम में रखे जाने पर सवाल उठा रहें। विराट न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में रन नहीं बना पाये। क्लार्क ने कहा कि अगर वे यदि वे कप्तान होते तो कोहली को टीम में बनाये रखने टीम प्रबंधन से भी टकरा जाते। क्लार्क ने कहा, ह्ययह सही है कि विराट पिछले मैचों में उम्मीद के अनुसार रन नहीं बना सके हैं पर उनमें काफी प्रतिभा है। वह कब दोहरा शतक लगा दे कहा नहीं जा सकता। क्लार्क ने साथ ही कहा, ह्यवे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। वे आगे खेल



सकते हैं। उन्हें तब तक खेलना चाहिए जब तक कि उनका बेहतरीन खेल बाकी है। यदि वे अभी टेस्ट क्रिकेट से रिटायर हो जाते हैं तो केवल भारतीय टीम को ही नुकसान होगा।ह्न विराट ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 5 मैच में केवल 190 रन ही बना पाए थे। उन्होंने सीरीज के पहले मैच में शतक बनाया पर उसके बाद वह बाकि मैचों में विफल रहे। , कोहली के इस प्रदर्शन के बाद भी क्लार्क का मानना है कि भारतीय टीम में अभी उन्हें बनाये रखा जाना चाहिये।

## इंग्लैंड की अंडर-19 टीम के कप्तान बने आर्ची

**लंदन ।** इंग्लैंड ने ऑलराउंडर आर्ची वॉन को दक्षिण अफ्रीका के आगामी दौरे के लिए पुरुष अंडर-19 टीम का कप्तान बनाया है। आर्ची इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन के बेटे हैं। इंग्लैंड दक्षिण अफ्रीका के बीच 14 जनवरी से 6 फरवरी तक तीन 50 ओवर और दो लाल गेंद के मुकाबले होंगे। इसमें आर्ची 18 सदस्यीय अपनी टीम की कप्तानी करेंगे। आर्ची ने पिछले सत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन कर सबका ध्यान खींचा था। उन्होंने समरसेट की ओर से केवल चार काउंटी चैंपियनशिप मैचों में 15 विकेट लेने 236 रन भी बनाये हैं। आर्ची ने कहा कि वह टीम की कप्तानी को लेकर उत्साहित हैं। साथ ही कहा कि कप्तान बनने की जानकारी जब मिली तो वह मेरे लिए एक बहुत ही विशेष क्षण था।

# जडेजा का अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त होने की ओर : रिपोर्ट

▸ चैंपियंस ट्रॉफी में भी जगह मिलने की संभावना नहीं

एजेंसी

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा का क्रिकेट करियर समाप्त होने की ओर है। एक समय जहां जडेजा आपनी अक्रामक बल्लेबाजी, कसी हुई फिल्डिंग और बेहतरीन गेंदबाजी के कारण टीम की जीत में अहम भूमिका निभाते थे। वहीं अब ये बात नहीं रही और उनका प्रदर्शन भी नीचे आने लगा है।
बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में वह अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी से प्रभावित नहीं कर पाये। ऐसे में जडेजा को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी टीम में जगह शायद ही मिले। एक रिपोर्ट के अनुसार मुख्य कोच गौतम गंभीर और टीम प्रबंधन अब



एकदिवसीय विश्व कप 2027 की तैयारियों में लगे हैं। ऐसे में उसी अनुसार टीम भी बनाएंगे। इसकी शुरूआत चैंपियंस ट्रॉफी से ही होने की संभावना है। सफेद और लाल गेंद दोनो ही प्रारुपों में ही जडेजा का प्रदर्शन जिस प्रकार नीचे जा रहा है उससे भी टीम प्रबंधन उनके विकल्प देखना चाहेगा। इसके अलावा उनकी उम्र भी 35 तक पहुंच गयी है। वहीं गंभीर हर प्रारुप में कोर टीम बनाना चाहते हैं जो लंबे समय तक खेल सके। अभी तक उन्होंने लंबे प्रारूपों के साथ बहुत अधिक बदलाव नहीं किया है पर एकदिवसीय विश्व कप के लिए एक मजबूत टीम बनाने में वह लगे हैं। ऐसे में वह उनकी जगह किसी नये खिलाड़ी को अवसर देना चाहेंगे। टीम के पास ऑलराउंडर के तौर पर नितीश कुमार रेड्डी , वाशिंगटन सुंदर जैसे नाम है। पिछले साल जुलाई में टी20 विश्व कप जीत के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा करने के बाद जडेजा को श्रीलंका में एकदिवसीचय सीरीज के लिए नहीं चुना गया था। ऐसे में अब टेस्ट क्रिकेट में भी टीम प्रबंधन उनसे आगे बढ़ कसता है।
दूसरी ओर अक्षर पटेल भी जडेजा के लिए एक बड़ी चुनौती है। उन्हें जडेजा के विकल्प के रूप में तैयार किया गया है। वाशिंगटन सुंदर का स्पिनर ऑलराउंडर के रूप में उभरना भी एक बड़ी सकारात्मक बात है। इसके कुलदीप यादव की फिटनेस पर बारीकी से नजर रखी जा रही है और बीसीसीआई की मेडिकल टीम को उम्मीद है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए समय पर फिट हो जाएंगे।

# अश्विन टीम में जगह नहीं मिलने से निराश थे : हैडिन

एजेंसी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर ब्रैड हैडिन ने कहा है भारतीय टीम के दिगगज स्पिनर आर अश्विन ने जिस प्रकार से सीरीज के बीच में संन्यास लिया वह उन्हें बेहद अटपटा लगा। हैडिन के अनुसार भारतीय टीम ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए पूरी तैयारी के साथ नहीं आई थी, जिसकी वजह से अश्विन निराश हुए होंगे। पहले तीन टेस्ट मैचों में से दो में उन्हें अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली। ऐसे में ब्रिस्बेन टेस्ट के बाद अश्विन ने अचानक ही खेल को अलविदा कहने की घोषणा कर दी। हैडिन ने कहा कि अश्विन बेंच पर बैठने से खुश



नहीं थे और इसी वजह से उन्होंने यह बड़ा फैसला लिया होगा। हैडिन ने कहा, पहले तीन टेस्ट मैचों में भारतीय टीम ने तीन अलग-अलग स्पिनरों को खिलाया, जिससे साफ पता चलता है कि उन्हें अपनी रणनीति ही नहीं पता थी। ऑस्ट्रेलिया में खेलने का उन्हें अच्छा अनुभव है और उन्हें यहां सफलता भी मिली है, इसलिए अश्विन का सीरीज के बीच में संन्यास लेना अटपटा लगा। मुझे नहीं लगता कि यह मामला यहीं खत्म हो गया है। मुझे लगता है कि वह टीम में जगह न मिलने से निराश थे। अश्विन 106 टेस्ट मैचों में 537 विकेट लेकर भारत के दूसरे सबसे सफल टेस्ट गेंदबाज हैं। उनसे आगे सिर्फ अनिल कुंबले (619 विकेट) हैं। हैडिन ने कहा कि अश्विन पहली पसंद के स्पिनर के रूप में नहीं चुने जाने के लिए तैयार नहीं थे, यही कारण हो सकता है कि उन्होंने अचानक संन्यास ले लिया। वह अपने को नंबर एक स्पिनर मानने थे और इसमें कोई गलती भी नहीं थी।

# शुभमन की जगह यशस्वी को मिल सकता है अवसर

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चयनकताओं बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शामिल कर सकते हैं। यशस्वी को इस टूनामेंट में रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरूआत करने का अवसर मिल सकता है। यशस्वी इसलिए भी चयन समिति की पहली पसंद है क्योंकि शुभमन गिल का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से अच्छा नहीं रहा है। वहीं कप्तान रोहित शर्मा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की हार को भुलाकर आगे बढ़ना चाहेंगे और इसके लिए उन्हें एक अच्छे



जोड़ीदारी की जरुरत होगी। टेस्ट में भले ही रोहित पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं पर एक एकदिवसीय में जमकर रन बना सकते हैं। वहीं यशस्वी ने ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज के दौरान पारी की शुरूआत करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं एकदिवसीय विश्वकप में रोहित के जोड़ीदारर रहे शुभमन का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है। वह इस दौरान एक बार भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। दूसरी ओर यशस्वी ने उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाए थे। यशस्वी ने 5 मैच की 10 पारियों में 1 शतक और 2 अर्धशतक की सहायता से 391 रन बनाये थे। यशस्वी ने अब तक कोई एकदिवसीय नहीं खेला है, ऐसे में वह इस टूनामेंट से 50 ओवरों के प्रारुप में डेब्यू कर सकते हैं।

# ओडिशा वॉरियर्स ने असोटेक हिल्स, रांची का दौरा कर समुदाय को किया प्रेरित





एजेंसी

**रांची।** झारखंड- खेल भावना और समुदाय की भागीदारी का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, ओडिशा वॉरियर्स महिला हॉकी टीम ने असोटेक हिल्स रांची प्रोजेक्ट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने निवासियों को आनंदित किया और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित किया। रांची में अभ्यास और उद्घाटन महिला हॉकी इंडिया लीग टूर्नामिंट में भाग लेने आई इस टीम ने युवा निवासियों से बातचीत की और उन्हें खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। खिलाड़ियों ने ऑटोग्राफ दिए, सेल्फियां लीं और प्रेरणादायक कहानियां साझा कीं, जिससे असोटेक हिल्स में एक जीवंत और यादगार माहौल बन गया। दौरे के दौरान टीम ने प्रोजेक्ट का भ्रमण किया और इसके विश्व स्तरीय सुविधाओं और जीवनशैली की खूब तारीफ की। उनकी सराहना ने निवासियों को गर्व से भर दिया, जो इस बात को और पुख्ता करती है कि असोटेक हिल्स एक बेहतर जीवन शैली के लिए प्रतिबद्ध समुदाय है। यह हम सबके लिए एक यादगार दिन था, एक निवासी ने साझा किया। विश्व स्तर के हॉकी सितारों और ओलंपिक हीरोज से मिलना, खासकर युवाओं के लिए, एक अविस्मरणीय अनुभव था।
ओडिशा वॉरियर्स उद्घाटन महिला हॉकी इंडिया लीग में अग्रणी हैं, जो देश में इस पैमाने का पहला अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी टूर्नामेंट है।

### टीम में शामिल

यिब्बी जेन्सन-एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर 2024, क्लेयर कॉलविल -एफआईएच राइजिंग स्टार ऑफ द ईयर 2024 नॉमिनी, जैनेक स्कोपमैन-एफआईएच कोच ऑफ द ईयर 2024, दीप ग्रेस एक्का -अर्जुन अवार्डी 2022, नेहा -टीम कप्तान और कुशल मिडफील्डर , ईशिका चौधरी-उप-कप्तान और मजबूत डिफेंडर और टीम के कई अन्य प्रतिभाशाली खिलाड़ी।

### ग्रुप के प्रतिनिधि ने कहा

हमारा उद्देश्य केवल टीम का स्वामित्व लेना नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच बनाना है जहां महिला हॉकी खिलाड़ी चमक सकें। इन खिलाड़ियों में कौशल, सहनशक्ति और वह जज्बा है जो लाखों लोगों को प्रेरित करता है। वे खेल में किसी से कम नहीं हैं। असोटेक हिल्स रांची में यह दिन खेल और समुदाय के बंधन का जीवंत उत्सव था, जहां निवासियों ने ओडिशा वॉरियर्स से मिलकर और उन्हें समर्थन देकर गर्व महसूस किया। टूर्नामिंट की तैयारी में जुटी टीम ने एक ऐसा प्रभाव छोड़ा, जो सभी के लिए खेल भावना और आत्म-विश्वास का प्रतीक बनेगा।

## हाई और लो ब्लड शुगर लेवल वाले डायबिटीज मरीजों के लिए औषधि से कम नहीं है यह पत्ता

अंजीर एक ऐसा फल है, जो स्वास्थ्य और सेहत दोनों के लिए लाभदायक होता है. वर्षों से यह फल बेहद स्वास्थ्यवर्धक सूखे मेवे के रूप में भी लोगों को खूब भाता रहा है. अंजीर को अंग्रेजी में फिग के नाम से भी जाना जाता है. अंजीर के फायदे तो हम सभी जानते हैं, इस फल को खाने से कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं. अंजीर की सबसे बड़ी खासियत यही है कि, यह ताजे फल से ज्यादा ये सूखे मेवे के रूप में ज्यादा पौष्टिक होता है.

अभी तक आपने अंजीर के कई फायदों के बारे में पढ़ा होगा या सुना होगा, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि अंजीर की पत्तियों के भी कई फायदे होते हैं.

### डायबिटीज मरीजों के लिए वरदान

दरअसल, अंजीर के पत्तों में भरपूर मात्रा में एंटी-डायबिटिक गुण मौजूद होते हैं, जो ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल में रखने में मददगार साबित होते हैं. कई अध्ययनों से पता चला है कि यह हाइपरग्लेसेमिया और हाइपोग्लाइसीमिया दोनों स्थितियों में काम करता है और ग्लूकोज के लेवल को सामान्य बनाए रखने में दद करता है. स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि अंजीर की पत्तियों का जूस बनाकर सेवन करने से शरीर में इंसुलिन के लेवल को प्राकृतिक तरीके से नियंत्रण में रखा जा सकता है.


### अंजीर के पत्तों के औषधीय गुण कब्ज की समस्या से राहत दिलाते हैं

अंजीर की तरह पत्तियों में भी पोटेशियम, सोडियम, फॉस्फोरिक एसिड, आयरन और विटामिन जैसे कई पोषक तत्व होते हैं. इसीलिए पत्तियों का काढ़ा, चाय, जूस, पाउडर के रूप में सूखी पत्तियों का उपयोग विभिन्न बीमारियों के इलाज में किया जा सकता है. सिर्फ अंजीर ही नहीं बल्कि पत्तियों से बना काढ़ा, जूस और चाय भी कई तरह से फायदेमंद होता है. नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित मधुमेह से पीड़ित चूहों पर किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि अंजीर की पत्ती के रस में हाइपोग्लाइसेमिक प्रभाव होता है.

### इसका एक चम्मच छाछ में मिलाकर पिएं, आपका वजन और मोटापा कम हो जाएगा

अंजीर की पत्तियों को सुखाकर उसका पाउडर बनाया जा सकता है. आधा चम्मच चूर्ण एक कप पानी में मिलाकर चाय की तरह पियें. दोनों दृष्टिकोणों के अत्यधिक लाभ हैं. हड्डियां कमजोर होने पर अंजीर के पत्तों का सेवन करने से फायदा मिल सकता है. इन पत्तियों से बने पाउडर का सेवन करने से शरीर को पोटैशियम और कैल्शियम मिलता है और कई हड्डियां मजबूत होती हैं. इसके लिए अंजीर के पत्तों का पाउडर इस्तेमाल करना चाहिए.





## अपनी इन 5 अच्छी आदतों से करें अपने दिन की शुरुआत

# बदल जायेगी ज़िन्दगी

**इंटरनेट वजन घटाने और सेहतमंद रहने की जानकारी देने वाली सूचनाओं से अटा पड़ा है। कभी सोशल मीडिया पर वजन घटाने के नए-नए ट्रिक्स दिखने को मिलते हैं, तो कभी वजन घटाने और फिट हो जाने वाली सफलता की कहानियां देखकर या पढ़कर हम भौचक्क हो जाते हैं। पर, कई दफा ज्यादा जानकारी भी हमें पशोपेश में डाल देती है। यह सच है कि वजन को नियंत्रित रखने के लिए कैलोरी पर नजर रखना और शारीरिक रूप से सक्रिय रहना जरूरी है। पर, इन सबके साथ अपनी जीवनशैली में कुछ अच्छी आदतों को शामिल करके भी आप मोटापे के बढ़ते खतरे से खुद को बचा सकती हैं। सुबह की कौन-कौन सी आदतें वजन घटाने और फिट रहने में आपके लिए मददगार साबित हो सकती हैं,**

### गुनगुने पानी से शुरुआत



मोटापे की सबसे मुख्य वजह मेटाबॉलिज्म का धीमा होना है। अपने सुस्त पड़े मेटाबॉलिज्म को अगर आप दुरुस्त करना चाहती हैं, तो अपने सुबह की शुरुआत गुनगुने पानी से करें। सुबह उठने के बाद हर दिन एक से दो गिलास गुनगुना पानी पीने से मेटाबॉलिज्म धीमा नहीं पड़ता है। आयुर्वेद के मुताबिक गुनगुने पानी में नीबू का रस या फिर शहद मिलाकर पीने से मेटाबॉलिज्म और तेज होता है और वजन कम करने में मदद मिलती है।

### व्यायाम से समझौता नहीं



हर दिन कम-से-कम 25 से 30 मिनट का व्यायाम शरीर को सेहतमंद रखने के लिए बहुत ज्यादा जरूरी है। सुबह की शुरुआत हल्के-फुल्के व्यायाम के साथ करने से न सिर्फ शरीर का लचीलापन बरकरार रहता है बल्कि शरीर में सकारात्मक ऊर्जा में भी इजाफा होता है। योग, दौड़ना, स्ट्रेचिंग या फिर जिम में व्यायाम... अपनी फिटनेस को बरकरार रखने के लिए इनमें से कुछ भी चुन सकती हैं, बस इस बात का ध्यान रखें कि जो करें, उसे नियमित रूप से करें।

### सूरज की रोशनी का असर



हम सब की जिंदगी का अधिकांश हिस्सा अब घर के भीतर, स्क्रीन के सामने बीतने लगा है। इसके लिए कुछ हमारा काम जिम्मेदार है, तो कुछ स्क्रीन की हमारी बढ़ती लत। पर, क्या आप जानती हैं कि सेहतमंद रहने की विटामिन-डी बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है, जिसका सबसे बड़ा स्रोत सूरज की रोशनी है। सुबह के वक्त निकलने वाली सूरज की रोशनी विटामिन-डी के सबसे प्रभावी स्रोतों में से एक है। यह शरीर के साथ-साथ मन को भी सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है। आप सुबह के वक्त पार्क में व्यायाम करते वक्त विटामिन-डी भी प्राप्त कर सकती हैं। खास बात यह है कि इन सबके साथ विटामिन-डी वजन घटाने में भी प्रभावी साबित होता है।

### खाने की भी करें प्लानिंग

जो लोग हर दिन के अपने खाने की प्लानिंग करते हैं, वे ज्यादा मात्रा में पोषक तत्वों का सेवन कर पाते हैं। दरअसल, मेन्यू तय करके खाने से हम अपने पोषण के बारे में ज्यादा सतर्क रह पाते हैं। ऐसी स्थिति में सिर्फ पेट भरने की जगह पोषक तत्वों से भरपूर कम कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों के सेवन को बढ़ावा मिलता है। ऐसी स्थिति में कैलोरी से भरपूर पैकेट बंद स्नैक्स पर हमारी निर्भरता कम होती चली जाती है, जिससे वजन बढ़ने का खतरा भी कम होता चला जाता है।

### सुबह के नाश्ते से समझौता नहीं

अमूमन लोग सुबह का नाश्ता यह सोचकर नहीं करते हैं कि इससे उन्हें वजन घटाने में मदद मिलेगी। पर, सच्चाई यह है कि इसका न सिर्फ शरीर पर बल्कि वजन पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। अपर्याप्त मात्रा में पोषण हमारे शरीर को भीतर से खोखला बना देता है। कई दफा लंबे समय तक भूखा रहने पर वजन कम होने की जगह बढ़ने लगता है। वहीं, लंबी अवधि तक भूखा रहने से ओवरईटिंग की आशंका भी बढ़ जाती है। लंबे समय तक भूखा रहने से शरीर में जरूरी पोषक तत्वों की कमी होने लगती है, जिसका संपूर्ण सेहत पर नकरात्मक असर पड़ता है।





## शरीर में इन 5 जगहों पर दर्द होना

# हार्ट अटैक का संकेत

वर्तमान समय में अचानक ही दिल के दौरे के मामलों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है. बड़ी संख्या में युवा भारतीयों में दिल का दौरा, कार्डियक अरेस्ट और अन्य हार्ट डिजीज चिंता का एक प्रमुख कारण बनता जा रहा है. कम उम्र (35-50 साल) के करीब 75 फीसदी आबादी को दिल का दौरा पड़ने का खतरा है. वास्तव में दिल का दौरा एक घातक चिकित्सा स्थिति है. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया भर में हर साल 17.9 मिलियन लोगों की मृत्यु हृदय रोगों की वजह से होती है.

अध्ययन बताते हैं कि हर पांच में से 4 मौतें दिल के दौरे के कारण होती हैं, चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि दिल के दौरे हृदय की रक्त वाहिकाओं में ब्लड सर्कुलेशन में बाधा, रक्त वाहिकाओं में रुकावट, हृदय को ठीक से रक्त की आपूर्ति न हो पाना आदि के कारण होते हैं. वर्तमान समय में अव्यवस्थ?त दिनचर्या, तनाव, गलत खान-पान, पर्यावरण प्रदूषण और अन्य कारणों के चलते हृदय की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं. छोटी उम्र से लेकर बुजर्गों तक में हृदय से जुड़ी समस्याएं होना अब आम बात हो गई है.

ऐसे में आज इस खबर के माध्यम से जानते है कि दिल का दौरा पड़ने से पहले आपका शरीर क्या संकेत देता है. याद रखें कि यदि आपको बिना किसी स्पष्ट कारण के किसी भी हिस्से में दर्द या असुविधा महसूस होती है, तो यह दिल का दौरा पड़ने का संकेत हो सकता है. हालांकि, चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि अगर इन जगहों पर दर्द होता है तो इसे पेन किलर दवाओं से दबाना घातक हो सकता है...

### सीने में दर्द या दबाव

दिल का दौरा पड़ने का सबसे आम लक्षण सीने में दर्द या दबाव है. यह दर्द अचानक से शुरू हो सकता है और कंटीन्यूअसली बना रह सकता है. यह दबाव छाती पर भारी बोझ जैसा महसूस होता है. कुछ में यह दर्द बहुत तेज होता है. तो कुछ में हल्का दबाव होता है. हालांकि, इसे कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए.

### कंधे, गर्दन या पीठ में दर्द

कंधे, गर्दन या पीठ में दर्द भी दिल का दौरा पड़ने का संकेत हो सकता है. खासतौर पर अगर यह दर्द सीने में दर्द के साथ हो तो इसे गंभीरता से लेना चाहिए. यह दर्द एक जगह से दूसरी जगह तक फैलता है. कभी-कभी यह एक तरफ या दोनों तरफ भी महसूस हो सकता है.

### बाएं हाथ में दर्द

विशेषकर बायीं बांह में दर्द दिल के दौरे का एक सामान्य लक्षण है. यह दर्द अचानक शुरू होता है और गंभीर होता है. कभी-कभी यह दर्द हल्का या परेशान करने वाला होता है, लेकिन अगर यह लंबे समय तक बना रहे तो इसे नजरअंदाज न करें.

### जबड़े या दांत में दर्द

दिल के दौरे के लक्षणों में जबड़े या दांत में दर्द भी शामिल हो सकता है. यह दर्द सिर्फ जबड़े में ही नहीं बल्कि गालों, ऊपरी हिस्से तक फैल जाता है. कभी-कभी यह केवल एक तरफ ही तेज होता है. इसे नजरअंदाज न करें.


# अगर तेजी से बढ़ते मोटापे पर लगाना है लगाम तो इस्तेमाल करें नींबू का छिलका, हफ्ते भर में दिखेगा असर





बढ़ते वजन से आज लगभग हर दूसरा इंसान परेशान है। इससे छुटकारा पाने के लिए लोग तरह-तरह की होम रेमेडीज का इस्तेमाल करते हैं। इनमें एक चीज जो बहुत ही कॉमन है वो है लेमन यानी नींबू। नींबू का इस्तेमाल फैट लॉस के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। महज सुबह गर्म पानी में नींबू डाल कर पीने भर से ही बॉडी डिटॉक्स होती है, जो वेट लॉस में भी काफी मदद करता है। हालांकि नींबू का इस्तेमाल करने के बाद इसके छिलके हम आमतौर पर फेंक देते हैं। जबकि ये छिलके भी वजन घटाने में काफी ज्यादा फायदेमंद हो सकते हैं। तो चलिए आज वेट लॉस के लिए नींबू के छिलकों के इस्तेमाल के बारे में विस्तार से जानते हैं।

अब आपके मन में यह सवाल जरूर उठ रहा होगा कि भला नींबू का छिलका जिसे हम वेस्ट समझकर फेंक देते हैं, वो वेट लॉस में भला कैसे मदद कर सकता है। तो बता दें कि नींबू के छिलके में पेक्टिन नाम का फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो आपके पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है। इसके अलावा इसमें पॉलीफेनोल्स भी पाए जाते हैं, जिन्हें फैट बर्निंग के लिए जाना जाता है। नींबू के छिलकों में भरपूर मात्रा में फाइबर, विटामिन सी, कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटैशियम जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो आपकी ओवरऑल हेल्थ को दुरुस्त रखने का काम करते हैं।



### वजन घटाने के लिए ऐसे करें इनका इस्तेमाल

वजन कम करने के लिए आप कई तरह से नींबू के छिलकों का सेवन कर सकते हैं। पहला तरीका है कि आप नींबू के छिलकों की टेस्टी चाय को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसके लिए कुछ नींबू के छिलकों को पानी में उबालने के लिए रख दें। जब पानी आधा बचे तो इसमें शहद मिलाकर चाय की तरह पीएं। सुबह या शाम आप कभी भी इस चाय को पी सकते हैं। ये बॉडी को डिटॉक्स कर के फैट बर्निंग में हेल्प करेगी।

इसके अलावा आप नींबू के छिलकों को धूप में सूखा सकते हैं। अच्छे से ड्राई होने के बाद इनका एक फाइन पाउडर बना लें। अब गर्म पानी में एक चम्मच ड्राई लेमन पाउडर मिलाकर पानी को अच्छे से उबाल लें। इस तरह से भी आपकी एक फैट बर्निंग टी बनकर तैयार हो जाएगी। इसमें आप एक चम्मच शहद भी मिला सकते हैं। इससे स्वाद के साथ-साथ इसके फायदे भी दोगुने हो जाएंगे।फैट लॉस ड्रिंक के अलावा आप नींबू के छिलकों को ग्रेट कर के सब्जी, सलाद या सूप में डालकर खा सकती हैं। नींबू के छिलकों का पाउडर, काली मिर्च और नमक को मिलाकर एक पाउडर बना सकती हैं, जिसे किसी भी सलाद या फल पर स्प्रिंकल कर के खाया जा सकता है। इससे खाने का स्वाद भी बढ़ जाएगा और फैट लॉस में भी मदद मिलेगी।



## यश के 39वें बर्थडे पर रिलीज हुआ टॉक्सिक का टीजर, दो घंटे में मिले 8 लाख से ज्यादा व्यूज

**साउथ अभिनेता यश अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं। केजीएफ 1 और केजीएफ 2 में अपनी बेहतरी परफॉर्मेंस से सभी के दिलों में खास जगह बना चुके यश की आगामी एक्शन फिल्म टॉक्सिक का टीजर सामने आ चुका है। टॉक्सिक के टीजर में यश एक नाइट कल्ब में लड़कियों के साथ मस्ती करते नजर आए।**

### टॉक्सिक का टीजर हुआ रिलीज

केवीएन प्रडोक्शन ने कुछ ही देर पहले फिल्म टॉक्सिक का म्यूजिकल टीजर रिलीज किया है। फिल्म निर्माताओं ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें यश की फिल्म के लुक का ही एक पोस्टर दिखाई दे रहा है। इस पोस्टर का लुक रेड रंग का है, जिसमें यश टोपी पहने नजर आ रहे हैं। इस लुक के साथ निर्माताओं ने लिखा, स्वागत है आपका अदम्य संसार में #टॉक्सिकदमूवी.. इसके साथ ही फिल्म टॉक्सिक का म्यूजिकल टीजर का यूट्यूब लिंक दिया है

### नाइट क्लब में दिखी यश की मस्ती

टॉक्सिक के टीजर में यश एक नाइट क्लब में नजर आ रहे हैं। उनका स्वैग प्रशंसकों को बेहद पसंद आ रहा है। यश की बहुप्रतीक्षित फिल्म दिसंबर 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। अपने शानदार कलाकारों और गीतू मोहनदास के निर्देशन के साथ, टॉक्सिक का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस द्वारा किया जा रहा है।

रिलीज का है प्रशंसकों को इंतजार

केजीएफ और केजीएफ 2 के बाद यश फिल्म टॉक्सिक में नजर आएंगे। आज टीजर रिलीज के बाद से ही यश के प्रशंसक इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टॉक्सिक में कियारा आडवाणी, नयनतारा, हुमा कुरैशी और तारा सुतारिया जैसे कई बेहतरीन अभिनेत्रियां दिखाई दे सकती हैं। हाई-ऑक्टेन गैंगस्टर ड्रामा फिल्म टॉक्सिक को बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है।

### निर्माताओं ने टीजर रिलीज का किया था वादा

टॉक्सिक के टीजर रिलीज से पहले यश का एक और लुक सामने आया था, जिसमें वह टोपी पहने नजर आए। पूरी तस्वीर लाल रंग में दिखी। साथ ही यह भी लिखा था कि यश के जन्मदिन पर 10.25 पर फिल्म टॉक्सिक को लेकर कुछ खास आएगा। फिल्म निर्माताओं ने वादे के अनुसार टॉक्सिक का म्यूजिकल टीजर रिलीज कर दिया है।



## मैडॉक की फिल्म में नजर आएंगी कियारा आडवाणी?

पिछले साल स्त्री 2 जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म बनाने वाली मैडॉक फिल्म्स अपने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में आ गई है। इस फिल्म का नाम शक्ति शालिनी है। हाल ही में ऐसी खबरें सामने आई थीं कि फिल्म में कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं। हालांकि, प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।

### कब रिलीज होगी शक्ति शालिनी?

सोशल मीडिया पर कियारा के नाम पर चल रही चर्चाओं ने अभिनेत्री के फैंस को उत्साहित कर दिया है। मैडॉक फिल्म्स अपने सुपरनैचुरल यूनिवर्स के लिए मशहूर है। फिल्म शक्ति शालिनी 31 दिसंबर, 2025 को रिलीज होने के लिए प्रस्तावित है। फिल्म से जुड़े अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक कियारा को फिल्म में अहम भूमिका में कास्ट करने पर विचार किया जा रहा है। एक सूत्र ने बताया, फिल्म में एक ऐसी नायिका की जरूरत है जो ताकत के साथ नाजुकता को भी पर्दे पर प्रदर्शित सके। कियारा इस भूमिका के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं। बातचीत चल रही है, लेकिन अभी कुछ तय नहीं हुआ है।

### गेम चेंजर में जल्द आएंगी नजर

अगर सब कुछ सही रहा तो शक्ति शालिनी कियारा का मैडॉक फिल्म्स के साथ पहला प्रोजेक्ट हो सकता है। पिछले साल कियारा को मैडॉक के ऑफिस में कई बार मीटिंग के लिए जाते हुए देखा गया था। वर्क फ्रंट की बात करें तो कियारा जल्द ही गेम चेंजर में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 10 जनवरी को रिलीज होगी। इसके अलावा वह वॉर 2 में भी दिखेंगी। इस फिल्म में उनके साथ ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर भी होंगे। इसका निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया है।

## 'इमरजेंसी' रिलीज के लिए इन चुनौतियों का कंगना ने किया सामना

कंगना रणौत अपनी फिल्म इमरजेंसी लेकर आ रही है। यह फिल्म 1975 से 1977 तक तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए 21 महीने के आपातकाल पर केंद्रित है। फिल्म को रिलीज से पहले कई अड़चनों का सामना करना पड़ा। फिल्म को 6 सितंबर 2024 को रिलीज होना था, लेकिन केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से मंजूरी ना मिलने के कारण यह रुक गई। फिल्म को कुछ सिख संगठनों से भी विरोध का सामना करना पड़ा, जिन्होंने कथित तौर पर इसकी रिलीज पर आपत्ति जताई और निर्माताओं पर तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया। महीनों के संघर्ष के बाद अब इसे सीबीएफसी से हरी झंडी मिल गई है।

### रिलीज के लिए करना पड़ा संघर्ष

कंगना रणौत की फिल्म 'इमरजेंसी' अब 17 जनवरी, 2025 को रिलीज होगी। कंगना फिल्म के प्रमोशन में जुटी हैं। हाल ही में कंगना ने एएनआई से बातचीत के दौरान उन्होंने फिल्म के रिलीज से पहले आई चुनौतियों के बारे में बात की। कंगना ने कहा, बहुत संघर्ष रहा, काफी चीजों का सामना करना पड़ा। यह आसान सफर नहीं था। इसमें कई मुश्किलें थीं। हमें यह फिल्म कई समुदायों को दिखानी थी। हमारी फिल्म की हर एक चीज की जांच की गई। ऐसी तमाम बाधाओं को पार करने के बाद, हम आखिरकार यहां पहुंचे हैं।

### मुंबई में बेचनी पड़ी प्रॉपर्टी

फिल्म की रिलीज टलने के बाद कंगना को मुंबई में अपनी प्रॉपर्टी भी बेचनी पड़ी। उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि फिल्म बनाते समय उन्हें इतनी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। अभिनेत्री ने कहा, मुझे नहीं पता था कि इस फिल्म को बनाते समय मुझे मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा, आमतौर पर मेरी फिल्में बहुत ही आरामदायक बजट में बनती हैं, लेकिन इस बार मुझे बहुत संघर्षों का सामना करना पड़ा, चाहे वह स्टूडियो से जुड़ा हो या फंड से। सबसे बड़ा संघर्ष यह था कि कोई भी फिल्म की रिलीज को लेकर आश्वस्त नहीं था। क्या यह कभी रिलीज होगी या नहीं? यह सवाल हमेशा हमारे दिमाग में रहता था।






## बॉलीवुड की इन अभिनेत्रियों से प्रेरित हैं अनन्या पांडे

**अनन्या पांडे ने खो गए हम कहां, कॉल मी बे और सीटीआरएल जैसी कई फिल्मों से दर्शकों का दिल जीता है। हाल ही में उन्होंने अपने भविष्य के करियर की योजनाओं के बारे में खुलकर बात की और साथ ही यह भी बताया की वह किन बॉलीवुड अभिनेत्रियों से बेहद प्रेरित हैं।**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान अनन्या पांडे से जब अभिनय के बारे में उनकी महत्वाकांक्षाओं के बारे में पूछा गया। तब अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें अभी तक विश्वास नहीं था कि वह निर्देशन कर सकती हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने पिता चंकी पांडे के साथ निर्माण पर काफी हद तक चर्चा की है। अनन्या ने कहा कैसे कोई इंसान किसी स्क्रिप्ट में कुछ या किसी व्यक्ति को सही नहीं मान सकता। किसी का भी सेक्शन करने से पहले बहुत सारे काम और संयोजन लागू होते हैं। अनन्या ने यह भी बताया कि वह कैसे चाहती हैं कि कुछ खास तरह के प्रोजेक्ट बनाए जाएं, लेकिन वह खुद को उनमें अभिनय करते हुए नहीं देखती हैं। उन्होंने खुलासा किया कि एक निर्माता के पास ऐसा करने की शक्ति होती है।

अनन्या पांडे ने आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण जैसी अभिनेत्रियों का जिक्र करते हुए कहा कि उनके प्रोडक्शन के काम ने उन्हें एक अभिनेता के तौर पर नया जीवन दिया है। अनन्या ने कहा, दीपि पादुकोण और आलिया भट्ट कुछ बिल्कुल अलग कर रही हैं, जबकि वे अभी भी उन चीजों से जुड़ी हुई हैं, जिनके लिए वे सबसे अच्छी जानी जाती हैं। उन्होंने कहा कि आलिया और दीपिका ही वह हैं जिसकी ओर वह देख रही थीं और भविष्य में ऐसा करने की उम्मीद कर रही थीं। अनन्या, दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट द्वारा अपने प्रोडक्शन में किए गए काम से काफी प्रेरित हैं। 2024 में, अनन्या पांडे को साइबर थ्रिलर फिल्म CTRL और कॉमेडी ड्रामा सीरीज कॉल मी बे में उनकी भूमिकाओं के लिए बहुत प्रशंसा मिली। अब, वह चांद मेरा दिल और बाकी कई आगामी प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं।




## पोंगल से खिसकने के बाद इस दिन दस्तक देगी विदामुयार्ची? अजित की फिल्म की रिलीज डेट पर अटकलें तेज

**अजित कुमार और तृषा कृष्णन की बहुप्रतीक्षित फिल्म विदामुयार्ची को इस साल पोंगल के अवसर पर रिलीज किया जाना था, लेकिन आखिरी समय पर निर्माताओं ने इसकी रिलीज को टाल दिया। खबर है कि निर्माताओं कुछ कानूनी मुद्दों में उलझे हुए हैं। ऐसे में अब सवाल यह है कि फिल्म रिलीज कब होगी। वहीं, अब सोशल मीडिया पर फिर एक बार इसकी नई रिलीज डेट को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं।**

### फिल्म की नई रिलीज डेट

रिपोर्ट्स के अनुसार, विदामुयार्ची अब जनवरी के अंत में रिलीज हो सकती है। इंडस्ट्री के अंदरूनी सूत्र श्रीधर पिल्लई के हालिया पोस्ट के अनुसार, व्यापार विश्लेषकों का दावा है कि फिल्म संभवत: 30 जनवरी, 2025 को रिलीज होगी। हालांकि, अभी तक निर्माता की तरफ से कुछ भी पुष्टि नहीं की गई है।

### हॉलीवुड फिल्म का रीमेक है विदामुयार्ची

मगिज थिरुमेनी द्वारा निर्देशित फिल्म विदामुयार्ची एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसके बारे में अनुमान लगाया जा रहा है कि यह हॉलीवुड फिल्म ब्रेकडाउन का रूपांतरण है। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन फिल्म के टीजर से दोनों के बीच समानताएं सामने आई हैं।दरअसल, विदायामुयार्ची हॉलीवुड फिल्म ब्रेकडाउन की अनौपचारिक रीमेक है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने लाइका प्रोडक्शंस पर मुकदमा करने का फैसला किया है।

### फिल्म की रिलीज में देरी की वजह

ऐसे में विदायामुयार्ची के आधिकारिक रीमेक अधिकार सुरक्षित करने के लिए लाइका को पैरामाउंट पिक्चर्स को 10 मिलियन डॉलर यानी 85 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा। इस राशि का भुगतान करने के बजाय लाइका प्रोडक्शंस ने पैरामाउंट पिक्चर्स को फिल्म की रिलीज के लिए एक साझेदारी सौदे की पेशकश की है। फिल्म की रिलीज में देरी की असली वजह यही है।

### फिल्म के कलाकार

विदामुयार्ची मूल रूप से तमिल भाषा में बनाई गई थी और इसे 10 जनवरी, 2025 को रिलीज किया जाना था, जिसे स्थगित कर दिया गया। अब इसकी नई रिलीज डेट का इंतजार है। विदामुयार्ची को फिल्म निर्माता मगिज थिरुमेनी ने लिखा और निर्देशित किया है। इस फिल्म के जरिए अजित और मगिज थिरूमेनी पहली बार साथ काम कर रहे हैं। इसमें तृषा कृष्णन, अर्जुन सरजा और रेजिना कैसेंड्रा भी हैं।



## शाहरुख खान के साथ काम करना अब पहले से ज्यादा मुश्किल हो गया है

मशहूर कोरियोग्राफर और निर्माता-निर्देशक फराह खान ने इंडस्ट्री के टॉप कलाकारों के साथ काम किया है। इस लिस्ट में बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान भी शामिल हैं। हाल ही में फराह खान ने शाहरुख के साथ काम करने का अनुभव साझा किया। साथ ही यह खुलासा किया कि स्रख के साथ काम कर पाना अब उनके लिए पहले के मुकाबले काफी मुश्किल हो चला है। जानते हैं इसकी वजह।

### इस वजह से बढ़ता है प्रेशर

फराह खान ने कहा कि जब भी वे किसी नए गाने पर साथ काम करते हैं तो हर बार प्रेशर दोहरा हो जाता है। फराह ने कहा कि साथ काम करते हुए कुछ शानदार ट्रैक तैयार हुए, इसके चलते अब जब भी साथ काम करते हैं तो पहले से ज्यादा दबाव बढ़ जाता है। फराह खान ने ईटाइम्स से बातचीत में यह खुलासा किया। फराह खान ने लंबे वक्त से चल रही अपनी दोस्ती को लेकर भी शुक्रिया अदा किया। उन्होंने बताया कि कुछ सितारों से उनकी दोस्ती उनके स्टार बनने से पहले की हैं। फराह ने बताया कि शाहरुख खान के साथ उनकी दोस्ती कभी हां कभी ना और दीवाना की रिलीज होने से पहले ही शुरू हो गई थी। फराह खान ने कहा कि दशकों पुरानी दोस्ती होने के बावजूद शाहरुख खान के साथ काम करना अब समय के साथ मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा, अगर उस समय उनके साथ काम करना मुश्किल था, तो अब और भी मुश्किल है। जब भी हम किसी गाने पर काम करते हैं, तो दबाव दोगुना हो जाता है, क्योंकि हमने साथ मिलकर शानदार गाने बनाए हैं। फराह ने यह भी कहा कि हैप्पी न्यू ईयर के बाद दिलचस्प प्रोजेक्ट्स की कमी के चलते उन्होंने निर्देशन से ब्रेक लिया।

### निर्देशन में लौटने का पक्का इरादा, लेकिन...

फराह खान ने कहा कि ब्रेक के बाद उन्होंने अपने परिवार पर पूरा फोकस किया। अपने बच्चों के साथ क्वालिटी वक्त बिताया और छुट्टियां मनाईं। उन्होंने यह भी कहा कि निर्देशन में वापसी की उनकी इच्छा है, लेकिन वे कमबैक तभी करेंगी जब कोई अच्छी स्क्रिप्ट होगी और सही समय होगा। बता दें कि फराह खान ने फिल्म मैं हूं ना से निर्देशन की दुनिया में डेब्यू किया। फराह ने शाहरुख खान के चलेया, दर्द-ए-डिस्को जैसे गानों को कोरियोग्राफ किया है।

## फरहान अख्तर के पिता बनने की खबर अफवाह, शबाना आजमी ने किया कंफर्म

एक्टर-डायरेक्टर फरहान अख्तर के तीसरी बार पिता बनने की खबर अफवाह है। इस बात की पुष्टि एक्ट्रेस शबाना आजमी ने की है। दरअसल, हाल ही में खबर आई थी कि फरहान की दूसरी पत्नी शिबानी दांडेकर मां बनने वाली हैं। शबाना आजमी ने बातचीत में कहा कि प्रेग्नेंसी की खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। फरहान और शिबानी बच्चे की प्लानिंग भी नहीं कर रहे हैं। फरहान ने 2022 में शिबानी दांडेकर से शादी की थी। शादी से पहले दोनों 4 साल तक रिलेशनशिप में थे और लिव इन भी रहे थे। दोनों ने 2018 में अपना रिश्ता ऑफिशियल किया था।

### पहली शादी से दो बेटियों के पिता हैं फरहान

फरहान की शिबानी से दूसरी शादी है। उन्होंने पहली शादी हेयर स्टाइलिस्ट अधुना से 2000 में की थी। इस शादी से उन्हें दो बेटियां भी हैं। फरहान और अधुना ने 2017 में तलाक ले लिया था। फरहान के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे आने वाले समय में फिल्म 120 बहादुर में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी 1962 के भारत-चीन युद्ध की पृष्ठभूमि पर बेस्ड है। फिल्म में फरहान मेजर शैतान सिंह के किरदार में नजर आएंगे। वहीं, फरहान की डायरेक्टोरियल फिल्म डॉन 3 भी इसी साल रिलीज होने वाली है।



# बाइक-स्कूटर पर हेलमेट नहीं पहना तो नहीं मिलेगा पेट्रोल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में अगर आप दोपहिया वाहन पर बिना हेलमेट पहनकर घूमना अपनी शान समझते हैं तो सावधान हो जाइए! नोएडा में दोपहिया वाहन चालक अगर हेलमेट नहीं पहनते हैं तो उन्हें शहर के किसी भी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं मिलेगा।

गौतमबुध नगर के जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने गौतमबुध नगर जनपद में वाहन चालकों की सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला लिया है। डीएम ने आदेश जारी किया है कि नोएडा में अब हेलमेट न पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। नोएडा में 'नो हेलमेट नो फ्यूल' अभियान जल्द शुरू होगा।




गौतमबुध नगर के जिला अधिकारी ने आदेश जारी करते हुए सभी पेट्रोल पंप संचालकों से आगामी एक सप्ताह के अंदर अपने परिसर में बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाने तथा दुपहिया वाहन चालकों को इस आदेश के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने पेट्रोल पंप संचालकों से कहा है कि, उन्हें अपने पेट्रोल पंप पर होर्डिंग लगाना होगा कि बिना हेलमेट के दो पहिया चालक व सहयात्री को हेलमेट लगाना होगा। अगर वह हेलमेट नहीं पहनते हैं तो उन्हें पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। यह आदेश 26 जनवरी से पूरे गौतमबुध नगर में लागू कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 169 तथा उत्तर प्रदेश मोटर वाहन नियमावली के नियम 201 के तहत सभी दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनना अनिवार्य है। इसका उल्लंघन करने पर धारा 177 के तहत दंड तथा जुर्माने का प्रावधान है।

जिलाधिकारी ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए तथा उसे चालू रखें ताकि किसी विवाद की स्थिति में उनसे फुटेज देखकर निर्णय लिया जा सके।

# जिला पंचायत की बैठक में पुनरीक्षित एवं मूल बजट स्वीकृत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा को मूर्त रूप प्रदान करने के उद्देश्य से कार्यालय जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी की अध्यक्षता में जिला पंचायत गौतमबुद्धनगर की बोर्ड बैठक सम्पन्न हुयी, जिसमें विधायक दादरी तेजपाल नागर, विधान परिषद सदस्य श्रीचन्द शर्मा, सदस्य जिला पंचायत देवा भाटी, मोहिनी, जयवती नागर, सुनील भाटी, ब्लाक प्रमुख जेवर, नामित व मनोनीत प्रतिनिधियों एवं मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, अपर मुख्य अधिकारी प्रियंका चतुर्वेदी,जिला स्तरीय विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।




बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के पुनरीक्षित बजट, वित्तीय वर्ष 2025-26 के मूल बजट, वित्तीय वर्ष 2024-25 की राज्य वित्त आयोग एवं 15 वित्त आयोग की अनुपूरक कार्य योजना, वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्य योजना, शासन स्तर अथवा जनपद स्तर से निर्माण कार्य हेतु प्रस्तावों की स्वीकृति, जिला पंचायत वर्ष 2024-25 की कर सूची का अनुमोदन आदि विषयों पर गहन विचार विमर्श किया गया।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-2025 पुनिरीक्षित बजट आय रू0 261486740 रू0 एवं व्यय रू0 175415479 वित्तीय वर्ष 2025-2026 का मूल बजट आय रू0 230271261 का सर्व सम्मति से स्वीकृत किया। उक्त के अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2025-2026 की विकास कार्ययोजना एवं जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों में 853 कर दाताओं पर कर सूची का अनुमोदन किया। आय बढ़ाने की दृष्टि से विभिन्न मदों यथा सम्पत्ति एवं विभव कर, विज्ञापन पट, भवनों व व्यवसायिक नक्शे आदि मदों से कर वसूली की स्वीकृति प्रदान की गई है। बैठक का सफल संचालन अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत गौतमबुद्धनगर प्रियंका चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

# श्री राम मित्र मंडल ने गर्म वस्त्रों का किया वितरण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-34 स्थित अपना घर आश्रम में शहर की धार्मिक संस्था श्री राम मित्र मंडल द्वारा ठंड से बचाव के लिए महिला प्रभुजी को गर्म वस्त्रो का वितरण किया।



संस्था के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल ने बताया कि शीत लहर का प्रकोप जारी है, इसलिए हमारी संस्था के पदाधिकारियो ने निर्णय किया कि अपना घर आश्रम में निवास कर रही महिला प्रभु जी के लिए एक छोटा सा प्रयास करते हुए उन्हें गर्म वस्त्रों का वितरण किया जाए, आज हमने अपना घर आश्रम में निवास कर रही सभी 282 महिला प्रभु जी को गर्म वस्त्रो का वितरण किया और भोजन कराया।

संस्था के महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि यह हमारे लिए बड़ी सौभाग्य की बात है कि आज हम महिला प्रभुजी के बीच गए और उन्हें अपने हाथों से भोजन कराया। मुन्ना कुमार शर्मा ने लोगों से आवाहन किया कि इस पावन कार्य में महिला प्रभु जी की सेवा के लिए आगे आए और और बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

इस अवसर पर बजरंग लाल गुप्ता, बलराज गोयल, निरंजन गुप्ता, अनिल गोयल, राजकुमार गर्ग, शालू गोयल, पवन गोयल फोनरवा के महासचिव के. के.जैन, हेमा गुप्ता, श्रीमती शीला गोयल, सतीश अग्रवाल, किशन लाल, पदम गोयल, महावीर गोयल, अमन गर्ग आदि लोग उपस्थित रहे।

हिन्दी दिवस मनाया

# डॉक्टरों ने हिंदी में इलाज के पर्चे बनाकर किया सम्मान



**नोएडा ( चेतना मंच )।** विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर फेलिक्स अस्पताल के डॉक्टरों ने एक अनूठी पहल करते हुए मरीजों के लिए दवाइयों के पर्चे हिन्दी में लिखे, साथ ही सोशल मीडिया पर सारी पोस्ट हिंदी में की। इसके अलावा अस्पताल के नोटिस बोर्ड पर सारी जानकारी हिंदी में लिखी गई।

फेलिक्स अस्पताल के चेयरमैन डॉ. डी.के. गुप्ता का कहना है कि हर वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना, वैश्विक स्तर पर हिन्दी को एक सशक्त भाषा के रूप में स्थापित करना और इसकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को उजागर करना है। यह पहल हिन्दी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसे सम्मान देने के लिए की गई। आमतौर पर दवाइयों के पर्चे अंग्रेजी में लिखे जाते हैं, जिससे कई मरीज, खासकर ग्रामीण या कम शिक्षित पृष्ठभूमि वाले लोग, दवाओं की सही जानकारी समझने में असमर्थ रहते हैं। फेलिक्स अस्पताल ने इस चुनौती को पहचानते हुए विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर दवाइयों के पर्चों को हिन्दी में लिखने का निर्णय लिया। डॉक्टरों को हिन्दी में पर्चे लिखने के लिए प्रोत्साहित किया। दवाइयों के नाम, खुराक और अन्य निर्देश हिन्दी में स्पष्ट रूप से लिखे गए ताकि मरीज और उनके परिवार के सदस्य इसे आसानी से समझ सकें।

इस पहल को आगे भी जारी रखेंगे। अस्पताल में आए मरीजों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अब वे दवाइयों और उनके सेवन की विधि को बेहतर तरीके से समझ पा रहे हैं। इसके साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, एक्स, लिंक्ड इन आदि पर सभी पोस्ट हिंदी में की। इसके अलावा अस्पताल के नोटिस बोर्ड पर सारी जानकारी हिंदी में लिखी गई।

# पेंट्स की दुकान में चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-11 में स्थित एक पेंट की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने दुकान में रखी लाखों की नकदी चोरी कर ली। इस घटना से व्यापारियों में भारी रोष है। व्यापारियों ने पुलिस से मांग की है कि जल्द से जल्द घटना का खुलासा किया जाए। व्यापारी की बेटी की शादी होनी है।

थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-11 के एल ब्लॉक में ज्ञानचंद मित्तल की माजरा पेंट्स के नाम से दुकान है। उन्होंने बताया कि ज्ञानचंद ने कल अपनी दुकान में बिक्री के 4 लाख 50 हजार रुपए रखा तथा वह दिल्ली स्थित अपने घर चले गए। उनके अनुसार बृहस्पतिवार की रात को अज्ञात चोरो ने दुकान का ताला तोड़कर वहां रखी नगदी चोरी कर लिया। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि घटना के खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमें लगाई गई है। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है सीसीटीवी कैमरे में दो चोर चोरी करते हुए दिखाई दे रहे हैं ।

पेट की दुकान में चोरी होने की सूचना पाकर उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन और भारी संख्या में व्यापारी वहां पर पहुंचे। इस घटना से व्यापारियों में भारी रोष है। विकास जैन ने कहा कि अगर पुलिस ने इस घटना का जल्द से जल्द खुलासा नहीं किया तो व्यापारी सड़क पर उतरने को भी विवश होंगे।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों से मांग की की व्यापारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखा जाए तथा इस घटना का जल्द से जल्द खुलासा किया जाए।उन्होंने कहा कि दिल्ली में चुनाव आचार संहिता लागू होने के चलते व्यापारी ने बिक्री की रकम को दुकान ही रख दिया था।

# 'चलो गांव की ओर' पखवाड़ा शुरू करेगी कांग्रेस

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला कांग्रेस कमेटी कैम्प कार्यालय बिसरख पर जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने की। जिला कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक में विगत माह में संगठन द्वारा किये गए राजनीतिक कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी।




बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा कि जिस प्रकार जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी लगातार संगठन की मजबूती के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में संकल्पित होकर 15-15 गांव गोद लेकर वहाँ संगठन को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में नगरपालिका क्षेत्रों व सोसाइटी टॉवरों के वार्डों में संगठन सृजन का काम शुरू कर चुके हैं।

दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा कि जिले में ग्राम, बूथ, वार्ड स्तर पर कांग्रेस की उपस्थिति अगले एक माह में प्रामाणिक रूप से पूर्ण कर ली जाएगी। 20 जनवरी से 31 जनवरी तक चलो गांव की ओर संगठन सृजन पखवाड़ा आयोजित करने का कार्यक्रम तय किया गया है।

बैठक के दौरान जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी, किसान कांग्रेस जिला चेयरमैन गौतम अवाना, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष कपिल भाटी एडवोकेट, महिला कांग्रेस महासचिव उर्मिला चौधरी ने भी जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक को सम्बोधित किया। बैठक का संचालन जिला संगठन प्रभारी महासचिव मुकेश शर्मा द्वारा किया गया।

बैठक में गौतम अवाना, धर्म सिंह बाल्मीकि, जितेंद्र चौधरी, मुकेश शर्मा, महाराज सिंह नागर, नीरज लोहिया एडवोकेट, आनंद शर्मा, सतपाल फौजी, गौतम सिंह, नितीश चौधरी, कपिल भाटी एडवोकेट, उर्मिला चौधरी, रमेश बघेल, दीपक प्रजापति, अरुण भाटी, अरविन्द रेक्सवाल, नितीश शर्मा, सुबोध भट्ट, रघुराज शर्मा, नरेश शर्मा, पुनीत मावी, अमित कुमार,संजीव शर्मा, पिंटू सिंह, ओमकार सिंह राणा, राजकुमार शर्मा, सुमित अत्रि, प्रेमवीर सिंह, वीरेंदर सिंह, सूंदर भाटी,ओमवीर सिंह तँवर आदि कांग्रेस कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# सक्रिय महिला कार्यकर्ता को मिले महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा की सक्रिय व समर्पित नेत्री डिम्पल आनंद ने भी महानगर अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी ठोंकी है।

डिम्पल आनंद भारतीय जनता पार्टी में पिछले कई वर्षों से सक्रिय हैं। उन्होंने बतौर पदाधिकारी भाजपा में बूथ अध्यक्ष के रूप में अपनी पारी शुरू की थी। इसके बाद वे मंडल मंत्री, महिला मोर्चा की महामंत्री, वर्ष-2005-2019 तक महिला मोर्चा की अध्यक्ष, वर्ष-2019 से वर्तमान तक जिले में भाजपा में महामंत्री के रूप में अपना योगदान देती आ रही है। समय-समय पर पार्टी के कार्यक्रमों तथा चुनाव प्रचारों में उनकी सक्रिय हिस्सेदारी किसी से छिपी नहीं है। वे पार्टी में सांसद व विधायक के अलावा आम कार्यकर्ताओं की भी काफी प्रिय हैं। उनकी इसी सक्रियता के मद्देनजर भाजपा के कार्यकर्ताओं खासकर महिला कार्यकर्ताओं की मांग है कि डिम्पल आनंद को नोएडा का महानगर अध्यक्ष बनाया जाए ताकि नोएडा में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

# ओबीसी समाज को मिले भाजपा अध्यक्ष का नेतृत्व

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पिछले तकरीबन तीन दशकों से भाजपा व संघ के प्रति समर्पित कार्यकर्ता तथा वर्तमान में भाजपा जिला महामंत्री चंदगीराम यादव भी नोएडा महानगर अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश की है।

मूलत: सेक्टर-63 बहलोलपुर गांव के निवासी चंदगीराम यादव हिंडन बिहार मंडल के अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री, भाजपा किसान मोर्चा के दो बार जिलाध्यक्ष, जिला संयोजक, मोदीनगर में देहात के मंडल प्रभारी तथा पिछले दो बार जिला महामंत्री की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। भाजपा के अलावा वे बचपन से 1998 तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में सक्रिय रहे हैं। यही नहीं वे भाजपा प्रत्याशी अशोक प्रधान, नवाब सिंह नागर तथा डा.महेश शर्मा तथा पंकज सिंह के चुनाव में काफ्री सक्रिय रहे। पार्टी के अलावा विभिन्न सामाजिक कार्यों में भी वे काफी सक्रिय हैं।

इसके अलावा डा. महेश शर्मा के भी काफी विश्वसनीय व प्रिय कार्यकर्ता माने जाते हैं। क्षेत्र के लोगों खासकर ओबीसी समाज की मांग है कि चंदगीराम अध्यक्ष पद के उचित दावेदार हैं। शीर्ष नेतृत्व एक बार उन्हें यह जिम्मेदारी अवश्य सौंपे।



# नोएडा में पहली बार होगा 'डॉग शो'

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अगर आप डॉग लवर हैं तो नोएडा प्राधिकरण शहरवासियों के लिए एक विशेष और रोमांचक शो आयोजन कराने जा रहा है। प्राधिकरण द्वारा आयोजित किया जा रहा यह शो नोएडा में पहली बार होगा। अगले महीने की 9 तारीख को शिवालिक पार्क), सेक्टर 33 स्थित शिल्प हाट के पास डॉग्स शो का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पालतू जानवरों के प्रेमियों और उनके डॉग्स के लिए खासतौर पर तैयार किया गया है।



नोएडा में पहले डॉग्स शो में भाग लेने वाले डॉग्स के लिए कई रोचक और आकर्षक प्रतियोगिताएं आयोजित होगीं। इनमें सबसे प्यारे, सबसे सजग, सबसे सक्रिय और सबसे अच्छे दिखने वाले डॉग्स की श्रेणियां होंगी। डॉग की इन श्रेणियों में विजेता डॉग्स को विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगिताओं के दौरान डॉग्स के व्यवहार, स्वास्थ्य, ट्रेनिंग और समर्पण का आंकलन विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा।

डॉग्स और उनके मालिकों के लिए यह कार्यक्रम मात्र प्रतियोगिता तक सीमित नहीं रहेगा। आयोजन स्थल पर विशेष स्टॉल भी लगेंगे, जहां डॉग्स के लिए ड्रेस, खिलौने, हेल्थ सप्लीमेंट्स, और दूसरे जरूरी सामान उपलब्ध होंगे।

# मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश दिया जाए : डीएम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा ने बताया है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के ऐसे मतदाता जो जनपद में कार्यरत/सेवारत है, उन्हें 5 फरवरी 2025 को दिल्ली में होने वाले मतदान दिवस पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख के अंतर्गत सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली में विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2025 हेतु मतदान दिवस दिनांक 05.02.2025 को राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली के निवासी जो राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली के मतदाता है और जनपद गौतमबुद्धनगर में कार्यरत/सेवारत है, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-135ख के प्रावधानों के अन्तर्गत सवैतनिक अवकाश अनुमन्य किया जाता है तथा जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्ष/ विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया जाता है कि आपके कार्यालय/ विभाग में ऐसे अधिकारी/ कर्मचारी जो राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली के निवासी या मतदाता है और जनपद गौतमबुद्धनगर में कार्यरत/ सेवारत है उनकों सवैतनिक अवकाश अनुमन्य करना सुनिश्चित करें।

SAHARA BUILDER & PROPERTIES™
ISO 9001:2008
PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, Pl-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US :+919810441077, +919710441077
Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308

